* वर्ष 40 * अंक 233 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर बुधवार दिनांक 11 जून 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक



## फोन बन गया जरूरत, नहीं हटेगा मोबाइल टावर

● हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया ग्राम पंचायत का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शहरी इलाके हों या फिर सुदूर क्षेत्र, मोबाइल फोन बेहद जरूरी चीज बन गया है। अब यह लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत में शामिल हो गया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी करते हुए ग्राम पंचायत के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें एक कंपनी को गांव में मोबाइल टावर लगाने से रोक दिया गया था। ग्राम पंचायत का कहना था कि मोबाइल टावर से निकलने वाली रैडिएशन से बीमारियां फैलती हैं। हालांकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने पंचायत के प्रस्ताव को गलत बताते हुए टावर लगाने की इजाजत दे दी है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस गिरीश



कुलकर्णी और अद्वैत सेथना की बेंच ने कहा, आधुनिक समय में वास्तविकता यह है कि मोबाइल फोन लग्जरी आइटम नहीं बल्कि जरूरत की वस्तु बन गया है। शहरी इलाकों से लेकर सुदूर इलाकों तक संचार का साधन मोबाइल फोन है।

यह तकनीकी क्रांति में बड़ा योगदान देता है। ऐसे में अधूरी जानकारी के चलते मोबाइल टावर को हटा देना गलत है। दरअसल सांगली जिले में मिराज तालुका के तनांग गांव में दिसंबर 2023 में ग्राम पंचायत ने ही टावर लगाने के लिए एनओसी दी थी। हालांकि अगस्त 2024 में ग्राम पंचायत ने ही इसे खारिज कर दिया। इसके बाद इंडस टावर्स और जमीन के मालिक अशोक चौगुले ने हाई कोर्ट में पंचायत के इस फैसले को चुनौती दी।

बताया गया कि टावर का 90 फीसदी काम पूरा हो गया है। यह जल्द ही चलने वाला था लेकिन ग्राम पंचायत ने इसपर रोक लगा दी। जजों ने कहाकि याचिकाकर्ताओं का पक्ष बिना सुने और बिना किसी नोटिस के ही पंचायत ने यह फैसला लिया है।

## खरगे ने की बड़ी मांग, जल्द हो लोकसभा डिप्टी स्पीकर का चुनाव

● कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पीएम मोदी से जल्द लोकसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराने का आग्रह किया है। खरगे ने कहा कि लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का पद पिछले दो कार्यकालों से खाली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह भारत की



लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। यह संविधान के नियमों का भी उल्लंघन है। आखिरी बार 16वीं लोकसभा में एआईएडीएमके के नेता एम थंबीदुरई को लोकसभा का डिप्टी स्पीकर चुना गया था। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पहली से सोलहवीं लोकसभा तक हर सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है। आमतौर पर यह एक स्थापित परंपरा रही है कि डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से की जाए।

## हत्या के बाद इंदौर आई सोनम

### किराए के कमरे में रुकी

● 'ऑपरेशन हनीमून' में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा ● कार से वाराणसी पहुंची, फिर गाजीपुर पहुंचकर किया फोन

**इंदौर (एजेंसी)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। सोनम रघुवंशी पति की हत्या के बाद 25 मई को शिलॉन्ग से सिलीगुड़ी के रास्ते ट्रेन से इंदौर पहुंची थी। इंदौर में वह अपने प्रेमी राज कुशवाह से मिली थी और उसके किराए के कमरे में रुकी थी। उसे एक ड्राइवर ने वाराणसी में ड्रॉप किया था, जहां से वह गाजीपुर पहुंची थी। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने यह कन्फर्म किया है। उधर, मेघालय पुलिस इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पत्नी सोनम को लेकर पटना एयरपोर्ट से रवाना हो चुकी है। टीम पहले कोलकाता पहुंचेगी फिर गुवाहाटी होते हुए शिलॉन्ग पहुंचेगी। वहीं, इंदौर में क्राइम ब्रांच और मेघालय



पुलिस की एक टीम मामले के आरोपी विशाल को लेकर उसके घर पहुंची। यहां सर्चिंग के दौरान वारदात के समय पहने गए कपड़े जब्त किए गए। क्राइम ब्रांच के एसीपी पूनम चंद्र यादव ने बताया कि राजा रघुवंशी पर पहला वार विशाल ने ही किया था।



### मेघालय के मंत्री बोले- सोनम-राजा का परिवार माफी मांगें

मेघालय के मंत्री अलेक्जेंडर लालू हेक ने कहा, हम राजा और सोनम रघुवंशी के परिवारों से माफी की मांग कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने मेघालय और इसके लोगों की छवि को धूमिल किया है। अन्यथा हम उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। दरअसल, कपल के गायब होने के बाद राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने उनके अपहरण और हत्या की आशंका जताई थी। विपिन ने कहा था, राजा और सोनम इंदौर से आए थे, इसलिए किसी से किसी तरह की दुश्मनी नहीं हो सकती। अगर कुछ हुआ भी है तो स्थानीय लोगों का हाथ हो सकता है। मेघालय सरकार तथ्यों को दबाना चाहती है। विपिन ने मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की थी। राजा-सोनम की 11 मई को शादी हुई। दोनों परिवार खुश थे। सोनम भी परिवार में घुल मिल गई थी। ससुराल पक्ष को कभी उसकी साजिश का शक नहीं हुआ। 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात की। 2 जून को राजा का शव मिला। वहीं, इंदौर में क्राइम ब्रांच और मेघालय पुलिस की एक टीम मामले के आरोपी विशाल को लेकर उसके घर पहुंची है। यहां सर्चिंग के दौरान वारदात के समय पहने गए कपड़े जब्त किए गए। क्राइम ब्रांच के एसीपी पूनम चंद यादव ने बताया कि राजा रघुवंशी पर पहला वार विशाल ने ही किया था। इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम अभी राजा रघुवंशी के घर पहुंची है।

## पाक को बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहा भारत

● दुश्मनों से मिलाया हाथ, जयशंकर का प्लान उड़ा देगा होश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूरोप के दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ शब्दों में पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि पहलगाम में आतंक हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया पूरी दुनिया देख चुकी है। इसके बावजूद अगर पाकिस्तान और उसके यहां पल रहे



आतंकी भारत के खिलाफ कुछ भी गलत करते हैं तो इस बार उनकी तबाही तय है। जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर अडिग है। जयशंकर ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए एक प्लान भी बना लिया है। उन्होंने मध्य एशियाई देशों का आतंक पर नेटवर्क बनाने की बात की है।



## आसमान से बरस रही आग! झुलसा रही गर्मी

● उत्तर-पश्चिम भारत में बुरे हाल, नौतपा भी पड़ा फीका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। बढ़ते तापमान और तेज लू चलने से लोगों की हालत खराब है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने खुशखबरी दी है। इसके मुताबिक, मौसम प्रणालियों में बदलाव से अगले कुछ दिनों में भारी बारिश का अनुमान है। छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा के पास ऊपरी वायु चक्रवाती सर्कुलेशन सक्रिय हैं। इसके कारण दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 10 से 16 जून तक भारी से अति



भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। केरल, कर्नाटक, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बदरा बरसेंगे। साथ ही, 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। खासकर केरल, माहे और तटीय कर्नाटक में 14 से 16 जून तक काफी भारी बारिश हो सकती है। पश्चिम भारत में महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोंकण और गोवा में 10 और 11 जून को हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 12 से 14 जून के बीच कोंकण और गोवा में अति भारी बारिश की चेतावनी है।

## शाह का कश्मीर-मणिपुर में शांति का दावा निराधार

● जयराम बोले-ये सरकार की बड़ी विफलताओं से ध्यान भटकाना, मणिपुर अभी भी जल रहा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने के दावे को विचित्र बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- शाह के जम्मू-कश्मीर-मणिपुर में शांति को लेकर किए गए दावे बेतुके और निराधार हैं। ये दावे वास्तव में उनकी अपनी बड़ी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया- मणिपुर अभी भी जल रहा



है। यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। राज्य में राष्ट्रपति शासन पूरी तरह विफल साबित हुआ है। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका की बदहाली ने उनमें पीड़ा, निराशा और गुस्सा पैदा किया है। जिसे हर जगह महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में शायद ही कोई ऐसा केंद्रीय गृह मंत्री हुआ हो, जिसका पूरा कार्यकाल ज्यादातर शेखी बघारने और कम उपलब्धियों से भरा रहा हो।

## मेला तो सुहेलदेव का लगना चाहिए, सालार मसूद का नहीं

**बहराइच (एजेंसी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बहराइच के लोगों को बड़ी सौगात दी। बहराइच पहुंचे सीएम योगी ने 1,243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण /शिलान्यास



किया। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान योगी ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को सबक सिखाया। विदेशी आक्रांताओं के नाम पर आयोजन नहीं होगा। बहराइच में मेला महाराजा सुहेलदेव के नाम पर लगना चाहिए। विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के नाम पर नहीं। सालार मसूद का मेला बंद हो गया।

## सामाजिक भेदभाव का नया जरिया बन गया है इंटरनेट

● सीजेआई बीआर गवई ने कहा-खाई और हो रही है चौड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इंटरनेट समाज को विभाजन की ओर ले जा रहा है।



उन्होंने न्याय वितरण प्रणाली में टेक्नोलॉजी की दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में इंटरनेट सामाजिक भेदभाव का एक नया उपकरण बन गया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक समाज के सभी वर्गों की असमान पहुंच से हाशिए पर पड़े समुदायों का बहिष्कार हो सकता है, जो पहले से ही न्याय के लिए कई किस्म की बाधाओं का सामना कर रहे हैं। सीजेआई गवई ने कहा, वास्तविकता में न्याय प्रदान करने की दिशा में पहुंच और समावेशन के आधार पर टेक्नोलॉजी को डिजाइन का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों को न्यायिक तर्क की सहायता करनी चाहिए, न कि उसे रिप्लेस करना चाहिए।

## पहली बार मनरेगा में खर्च की लिमिट तय

● केंद्र सरकार ने लगाई पाबंदी, ग्रामीण रोजगार पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के ग्रामीण इलाकों में श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देने वाली महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) पर पहली बार केंद्र सरकार ने खर्च सीमा की पाबंदी लगाई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मनरेगा के तहत होने वाले खर्च को कुल वार्षिक आवंटन का 60 फीसदी तक सीमित कर दिया है। अब तक इस योजना में खर्च की कोई सीमा तय नहीं थी और यह मांग के आधार पर संचालित योजना रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने




केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को सूचित किया है कि अब इस योजना के तहत होने वाले खर्च को मासिक/त्रैमासिक व्यय योजना के तहत लाया जाएगा, जो एक खर्च पर नियंत्रण का एक तरीका है। हालांकि, इस योजना को अब तक इस तरह के नियंत्रण उपायों से छूट मिली हुई थी। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों के तहत कैश फ्लो और गैर जरूरी उधारी को कम करने और उसे नियंत्रित करने के लिए 2017 में मासिक/त्रैमासिक व्यय योजना की शुरुआत की थी लेकिन मनरेगा स्कीम को इससे बाहर रखा था। ऐसा कहा जा रहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही वित्त मंत्रालय ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को निर्देश दे दिए थे कि वह मनरेगा को भी मासिक/त्रैमासिक व्यय योजना ढांचे में शामिल करे। पिछले महीने 29 मई को केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इस बावत ग्रामीण विकास मंत्रालय को चिट्ठी भेजकर 60 फीसदी खर्च की सीमा तय करने के फैसले से अवगत करा दिया है।

## होशियारपुर में अंबेडकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का दावा

● आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर ली जिम्मेदारी

**होशियारपुर (एजेंसी)।** पंजाब के होशियारपुर जिले के नूरपुर जट्टां गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का दावा किया गया है। ये दावा खालिस्तान समर्थक प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने किया है। 8 दिन में ये दूसरी घटना है



जब अंबेडकर की मूर्ति को निशाना बनाया गया। इससे पहले फगवाड़ा के फिल्लौर इलाके में भी प्रतिमा से छेड़छाड़ की गई थी। संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस तथाकथित आइकोनोक्लास्टिक अटैक का वीडियो फुटेज जारी किया है। जिसमें दावा किया गया है कि नूरपुर जट्टां गांव में अंबेडकर की मूर्ति के हाथ क्षतिग्रस्त किए गए हैं।

## और ताकतवर होने जा रहा है भारत, बड़ी है तैयारी

### 30 हजार करोड़ के क्यूआर-एसएएम सिस्टम खरीद रही मोदी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय वायुसेना की ताकत एक बार और बढ़ाने की तैयारी है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि रक्षा मंत्रालय की तरफ से स्वदेशी (क्विक रिएक्शन सर्फेस टू एयर मिसाइल) क्यूआर-एसएएम सिस्टम खरीदने के प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, यह प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, इसे लेकर सरकार या सेना की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। सरकार 30 हजार करोड़ के प्रस्ताव पर शुरुआती मंजूरी देने के लिए विचार कर सकती है। इसके जरिए सिस्टम के तीन रेजीमेंट खरीदे जाने हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली अधिग्रहण परिषद एक्सेप्टेंस ऑफ नैसेसिटी पर भी विचार कर सकती है। क्यूआर-एसएएम सिस्टम 25 से 30 किमी की रेंज में लड़ाकू



विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को बीच में ही रोकने में सक्षम है। खास बात है कि भारत के एयर डिफेंस नेटवर्क ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन की तरफ से दागे गए तुर्की में बने ड्रोन और चीनी मिसाइलों को रोकने में सफलता हासिल की थी। इधर, डीआरडीओ और सेना बीते कुछ सालों से क्यूआर-एसएएम सिस्टम की टेस्टिंग कर रही है। अखबार से बातचीत में एक अधिकारी ने बताया, क्यूआर-एसएएम सिस्टम चलते हुए भी सर्च और ट्रैकिंग क्षमता के साथ काम कर सकता है। इन्हें तोपों और थल सेना के लड़ाकू वाहनों के साथ चलने के लिए तैयार किया गया है, ताकि युद्धभूमि में एयर डिफेंस स्थापित किया जा सके। अखबार के अनुसार, एएडी यानी आर्मी एयर डिफेंस को क्यूआर-एसएएम के 11 रेजिमेंट की जरूरत है। यह सिस्टम भारतीय वायुसेना के डिफेंस नेटवर्क में शामिल हो जाएगा, जहां पहले से ही रूस में बने एस-400 मिसाइल सिस्टम और इजरायल के साथ मिलकर बनाए गए बराक-8 मीडियम रेंज एसएएम सिस्टम शामिल हैं। एक ओर जहां एस-400 की रेंज 380 किमी है। वहीं, बराक-8 की रेंज 70 किमी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम गहलोत की तीन दिवसीय यात्रा कल से

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 12 जून 2025 से तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान, गहलोत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि कि गहलोत 12 जून प्रातः 06:25 बजे जयपुर से प्रस्थान करेंगे। प्रातः 07:30 बजे वे महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट, उदयपुर पहुंचेंगे, जहां कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। प्रातः 09:30 बजे गहलोत सड़क मार्ग से उदयपुर से चित्तौड़ जाएंगे। प्रातः 11:00 बजे चित्तौड़ में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12:00 बजे वे श्रीनाथ जी मंदिर, छोटी सादड़ी जाएंगे। दोपहर 01:30 बजे वे प्रतापगढ़ पहुंचेंगे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 13 जून 2025 को प्रातः 9:30 बजे गहलोत प्रतापगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। प्रातः 11:00 बजे वे बांसवाड़ा जाएंगे। बांसवाड़ा में कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। शाम 06:00 बजे गहलोत उदयपुर लौटेंगे। 14 जून 2025 को प्रातः 07:50 बजे गहलोत उदयपुर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। यह यात्रा राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समाज के अन्य वर्गों के साथ संवाद बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

### सतत यज्ञानुष्ठान की गरिमा बढ़ा रहे हैं योग प्रेमी



उदयपुर (पुकार)। जिले को स्वस्थ एवं निरोग बनाने की दिशा में पतंजलि योग परिवार उदयपुर द्वारा मनवाखेड़ा स्थित वीरवाल जैन समाज छात्रावास में 18 मई 2025 से इंटीग्रेटेड सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के साथ जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल अभ्यास में योग प्रेमी आयोजन की गरिमा को बढ़ा रहे हैं। त्रिदिवसीय परीक्षा श्रृंखला के तृतीय दिवस पतंजलि योग समिति के योग परीक्षा प्रभारी जिग्नेश शर्मा के नेतृत्व में शिविरार्थियों के सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण का ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन लिखित परीक्षा द्वारा सम्पन्न करने में हीरालाल सुथार, देवीलाल चंदेल, हेमलता सियाल व ज्योत्सना पाठक आदि योग साधकों का सहयोग रहा।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत द्वारा क्रियात्मक एवं मौखिक परीक्षा ली गई।

### मावली में दिव्यांग जन अंग उपकरण वितरण शिविर



उदयपुर (पुकार)। जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा एल्मिको के संयुक्त तत्वावधान में मावली में दिव्यांग अंग उपकरण शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी रहे। समाजसेवी केजी पालीवाल, उपखण्ड अधिकारी रमेश सीरवी सहित जनप्रतिनिधि भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि शिविर में कुल 188 अंग उपकरण वितरित किए गए। इसमें 15 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 38 ट्राइसाइकिल, 10 व्हिलचेयर, हियरिंग एड, 25 वैशाखी, 03 स्मार्ट केन, 02 सीपी चेयर इत्यादि वितरण किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बजरंगलाल मीना, प्रवीण पानेरी, नागेन्द्र सिंह, लिलोकचंद, एल्मिको प्रतिनिधि नेहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जर्जर खंभे से हादसा होने का अंदेशा



भींडर (पुकार)। नगर के वार्ड 15 मुरलीधर मंदिर के सामने लगा बिजली का खंभा जर्जर हो चुका है। वार्डवासियों कि लिखित शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वार्डवासियों ने कई बार लाइनमैन व अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बावजूद भी खंभे के सुधार में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि विभाग की इस लापरवाही से आम जनता की सुरक्षा खतरे में है। यह पोल लगातार जर्जर होने से कभी भी गिर सकता है ऐसे में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वार्डवासियों ने नया पोल लगवाने की मांग की है।

### सुरों की मण्डली की बैठक

उदयपुर (पुकार)। सुरों की मण्डली की वरिष्ठ नागरिक विंग द्वारा देवस्नान पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले सुरीली भक्तिमय दिव्य सत्संग की तैयारियों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने मंगलवार को विचार विमर्श किया।

संस्थापक और संरक्षक मुकेश माधवानी ने बताया कि वरिष्ठ सुरों की मण्डली द्वारा आगामी 11 जून बुधवार को अशोक माधवानी के सानिध्य में देवस्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर अशोका पैलेस स्थित मधुश्री ऑडिटोरियम में शाम को सुरीली भक्तिमय दिव्य सत्संग का आयोजन करने जा रही है, जिसमें विंग के सदस्यों की प्रस्तुतियां प्रतिभागियों और श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर देंगी।

इस बैठक में कौस्तुभ, हेमा जोशी, भोपालसिंह हाड़ा, क्रीना मैरी, राजकुमार बापना, हिम्मत सिंह सिसोदिया तथा अम्बालाल साहू आदि उपस्थित थे।

### वन्यजीव गणना 11 जून को, अभयारण्य बंद रहेगें

उदयपुर (पुकार)। ज्येष्ठ पूर्णिमा को वन्यजीवों की वाटर हॉल पद्धति से गणना की जाएगी। उप वन संरक्षक (वन्यजीव) ने बताया कि इस दिन सज्जनगढ़, जयसमन्द, फुलवारी की नाल, कोटड़ा तथा बाघदर्रा कन्जर्वेशन रिजर्व अभयारण्य बंद रहेंगें। इन दिन पर्यटकों के लिये जैविक उद्यान, सज्जनगढ खुला रहेगा।





उदयपुर। वंदे गंगा अभियान के तहत श्रमदान करते उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा तथा पलाना कला मावली में प्रगतिशील किसान सम्मेलन के दौरान हल चलाते करते हुए।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में उदयपुर टॉप 5 जिलों में

## जिले भर में 1800 से ज्यादा इवेंट आयोजित

## 6ठे दिन जल ग्रहण विकास पर फोकस



उदयपुर (पुकार)। जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रारंभ किया गया वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जन आंदोलन का रूप ले रहा है। उदयपुर जिले में जिला कलक्टर नमित मेहता के नेतृत्व में अभियान के तहत बहुत अच्छे आयोजन हो रहे हैं। इसमें हजारों लोगों की भागीदारी भी दर्ज की जा रही है। अभियान में उदयपुर जिला टॉप 5 जिलों में शामिल हो गया है।

प्रदेश भर में जल संचय एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 5 से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उदयपुर में भी अभियान का आगाज 5 जून को प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इसके साथ ही उत्सवी माहौल में जिले भर में अभियान के तहत जल पूजन, कलश यात्रा, जलस्त्रोतों की सफाई, जल सेवा, पौधरोपण सहित विविध गतिविधियां प्रारंभ हुई। उदयपुर जिले में अब तक 1800 से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य सरकार ने अभियान की मोनिटरिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी लांच किया है, इसमें प्रत्येक गतिविधि की फोटो सहित एंट्री हो रही है। पोर्टल के मुताबिक उदयपुर जिला प्रदेश भर में टॉप 5 जिलों में शामिल हो चुका है। उदयपुर में अब तक 38 तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 2 लाख 60 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी रही है। पहले स्थान पर जोधपुर जिला है।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने टीम उदयपुर को बधाई देते हुए अभियान के तहत अधिक से अधिक आयोजन तथा आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजन का अच्छा सहयोग मिल रहा है। आगामी दिनों में अभियान में और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को फील्ड इवेंट के साथ-साथ पोर्टल पर एंट्री पर भी पूरा ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्यों का अवलोकन, पौधरोपण की तैयारी

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मंगलवार को जलग्रहण गतिविधियों पर फोकस रहा। इसके तहत जिले भर में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के तहत पूर्ण हुए कार्यों का अवलोकन किया गया, साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत नवीन स्वीकृतियां भी जारी की गई। जिले भर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विविध गतिविधियां आयोजित की गई। चारागाहों का चिन्हीकरण, हरयाळो राजस्थान के तहत पौधरोपण की भी तैयारियां की गई। ब्लॉक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां भी हुई। इसमें जल पूजन, कलश यात्राएं, शपथ ग्रहण, श्रमदान आदि शामिल रहे।

**वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान के तहत मूणवास में जल शपथ दिलाई :** वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान के तहत मंगलवार को जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग की ओर से पंचायत समिति स्तरीय कार्यकम कैलाशपुरी मूणवास में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान प्रतिभा नागदा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई ने वंदे गंगा अभियान की जानकारी दी एवं उपस्थित आमजन को जल शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड़ ने जल संरक्षण की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर आयोजित जल संरक्षण रैली को जिला परिषद सदस्य पिंकी मांडावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरपंच नारायण लाल गमेती ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए इसे रोजमर्रा मे अपनाने का आह्वान किया। मंच संचालन अशोक मोड ने किया।

जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग के अधिशाषी अभियंता मुकेश सिंह अत्री ने जलग्रहण कार्यों का अवलोकन कराया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार रमेश राजपुरोहित, सहायक विकास अधिकारी हितेश जोशी, अनिल दशोरा, रेंजर तेज सिंह राणावत, कनिष्ठ अभियंता पूजा बोलीवाल, सहायक कृषि अधिकारी वालू राम मीणा, मोटूलाल वैष्णव, भगवती देवी गमेती, हीरालाल डांगी, गगन गमेती, निर्भय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नरेन्द्र सोनी सहायक अभियंता,जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग उदयपुर ने किया।

# प्रताप गौरव केन्द्र मनाएगा हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु : शती समारोह

### हल्दीघाटी युद्ध के 450वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्षभर होंगे आयोजन

### मेवाड़ के शौर्य और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को समर्पित होंगे आयोजन



उदयपुर (पुकार)। भारतीय इतिहास की गौरवशाली धरोहर, मेवाड़ की आत्माभिमानी परंपरा और वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की विजयगाथा को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रताप गौरव केन्द्र, राष्ट्रीय तीर्थ पर 'हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुः शती समारोह' का शुभारंभ 18 जून 2025 को होने जा रहा है। यह समारोह 1576 के ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध के 450वें वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है, जो एक संपूर्ण वर्ष तक देशभर में उत्साह, गौरव और राष्ट्रचेतना के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध केवल एक ऐतिहासिक संघर्ष नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, आत्मबलिदान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। यह समारोह न केवल इतिहास का पुनर्पाठ है, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का प्रयास भी है। मेवाड़ की पवित्र भूमि पर जब प्रताप की विजय यात्रा फिर से गूंजेगी, तब सम्पूर्ण भारत इस वीरता के प्रतीक को फिर से नमन करेगा।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि समारोह के प्रथम सोपान का शुभारंभ 18 जून को हल्दीघाटी में राष्ट्र चेतना यज्ञ से होगा, जिसमें मेवाड़ के महान शौर्य का स्मरण करते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया जाएगा। यज्ञ के उपरांत वहां सभा होगी और उसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। उसी दिन हल्दीघाटी विजय संदेश यात्रा निकाली जाएगी जो हल्दीघाटी से प्रारंभ होकर उदयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए प्रताप गौरव केन्द्र तक पहुंचेगी।

इस गौरवयात्रा में हल्दीघाटी की माटी और विजय ध्वज को ससम्मान लाया जाएगा, जिनका नगर में जगह–जगह स्वागत और पूजन किया जाएगा। यात्रा के समापन पर यह माटी और ध्वज प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में स्थापित किए जाएंगे।

समारोह के प्रथम सोपान (18 से 25 जून) के दौरान दो कार्यशालाएं भी होंगी। पहली चित्रकला कार्यशाला पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से होगी। इस कार्यशाला में 25 चित्रकार मेवाड़ी चित्रशैली की विविधताओं को कैनवास पर उकेरेंगे, जिनमें महाराणा प्रताप का जीवन, युद्ध दृश्य, एवं मेवाड़ का लोकजीवन दर्शाया जाएगा।

इसी तरह, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्टा्रू) के सहयोग से प्राच्य लिपि कार्यशाला होगी जो प्राचीन लिपियों के पठन-पाठन प्रशिक्षण पर आधारित होगी। देशभर के प्रतिष्ठित पुराविद एवं लिपि विशेषज्ञ प्रतिभागियों को भारतीय लिपिक परंपरा से जोड़ने का कार्य करेंगे। इन दोनों कार्यशालाओं हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को पूर्व आवेदन करना होगा।

#### प्रवेश शुल्क और वाटर लेजर शो शुल्क में रहेगी छूट

प्रथम सोपान के तहत 18 से 25 जून तक प्रताप गौरव केन्द्र में प्रवेश शुल्क सभी वर्गों के लिए मात्र 50 रुपये रहेगा। शाम के समय होने वाले वाटर लेजर शो – मेवाड़ की शौर्यगाथा का शुल्क भी 50 रुपये ही रहेगा।

#### पूरे वर्ष होंगे आयोजन, प्रत्येक राज्य और जिले में पहुंचेगी प्रताप गाथा

समारोह वर्ष भर चलेगा और इसके अंतर्गत सभ्यता अध्ययन केन्द्र, नई दिल्ली के सहयोग से देश के हर राज्य में हल्दीघाटी युद्ध पर संगोष्ठियों की योजना बनाई गई है। इसी क्रम में राजस्थान के प्रत्येक जिले में संगोष्ठियों का आयोजन भी प्रस्तावित है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी शैक्षणेत्तर गतिविधियों के रूप में चित्रकला, रंगोली, भाषण व आशुभाषण प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी ताकि युवाओं में महाराणा प्रताप के चरित्र और मूल्यों का समावेश किया जा सके।

#### दिवेर विजय महोत्सव और समारोह का भव्य समापन

इस वर्ष का दिवेर विजय महोत्सव भी इस समारोह का अभिन्न हिस्सा होगा। समारोह का विराट समापन अगले वर्ष 18 जून 2026 को होगा।

# यूसीसीआई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक आयोजित

### वर्ष 2025-26 के लिए आशीष छाबडा यू.सी.सी.आई. की मानद महासचिव एवं हसीना चक्कीवाला मानद कोषाध्यक्ष मनोनीत



उदयपुर (पुकार)। उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक मनीष गलुण्डिया की अध्यक्षता में यूसीसीआई भवन के पायरोटेक टेम्पसन्स सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।


बैठक में वर्ष 2025-2026 के लिए आशीष छाबडा को यूसीसीआई का मानद महासचिव मनोनीत किया गया। विगत कई वर्षों से यूसीसीआई में सक्रिय आशीष छाबडा यूसीसीआई की कार्यकारिणी समिति में कई बार सदस्य निर्वाचित हुए हैं तथा यूसीसीआई की टूरिज्म एण्ड अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर सब कमेटी के चेयरमैन का पद का दायित्व भी सम्हाल चुके हैं।

कार्यकारिणी समिति द्वारा हसीना चक्कीवाला को सर्वसम्मति से मानद कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी समिति के चुनाव में रिक्त रहे पदों पर सदस्यों का निर्वाचन किया गया। महिला सदस्य वर्ग में क्वालिटी मार्बल एक्सपोर्ट इण्डिया की श्रीमति हसीना चक्कीवाला का निर्वाचन किया गया।

बैठक के एजेन्डानुसार वर्ष 2025-2026 के लिए कार्यकारिणी समिति में दो सदस्यों यथा राजेन्द्र चण्डालिया एवं आषीश छाबडा का सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सहवरण किया गया। नवनियुक्त मानद महासचिव आशीष छाबडा तथा मानद कोषाध्यक्ष हसीना चक्कीवाला ने उनके मनोनयन के लिए सभी कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने कार्यकारिणी समिति की बैठक में उद्योगों की समस्याओं के निराकरण का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उद्योग एवं व्यवसाय के हित में कल्याणकारी नीतियां जारी करवाये जाने के लक्ष्य के साथ यूसीसीआई कार्य करेगी। अन्त में कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही का समापन करते हुए मानद महासचिव आशीष छाबडा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कैरियर की दिशा: उलझन से स्पष्टता तक पर डॉ जैतावत का व्याख्यान



उदयपुर (पुकार)। इंडियन सोसायटी ऑफ ट्रैनिंग एवं डवलपमेंट द्वारा विज्ञान समिति स्थित अर्हम एकेडमी में आज एक करिअर वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता के मुख्यअतिथि आईऐसटीडी के अध्यक्ष विद्या विनोद नंदावत एवं विशिष्ट अतिथि आईऐसटीडी के सचिव डॉ. कमल सिंह राठौड़ रहे। इस वार्ता के मुख्य प्रवक्ता डॉ. अशोक जैतावत थे। डॉ. अशोक जैतावत ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर ऑप्शन के बारे में विस्तार से बताया। उनमें से 10 केरियर ऑप्शन को विद्याथियों द्वारा चुनने को कहा गया। अंत में 3 केरियर ऑप्शन में से किसी 1 ऑप्शन को अपनी इच्छानुसार चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस तरह कैरियर की दिशा में उलझन को स्पष्ट किया गया। विद्या विनोद नंदावत ने आईऐसटीडी की गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया और डॉ. कमल सिंह राठौड़ द्वारा आईऐसटीडी की अन्य गतिविधियों तथा कौशल विकास की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। अर्हम एकेडमी के फाउंडर इंजी. राजेन्द्र सिघंवी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया और अर्हम के संचालित कोर्सेज के बारे में सभी विद्यार्थियों को बताया अंत में अध्यापक गंगा कुमावत ने सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला पेंशन प्रकरण निस्तारण की त्रैमासिक बैठक 18 को

उदयपुर (पुकार)। जिला पेंशन प्रकरण निस्तारण समिति की त्रैमासिक बैठक 18 जून बुधवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। कोषाधिकारी उदयपुर ग्रामीण ने बताया कि बकाया प्रकरणों के बारे में निर्धारित प्रपत्र में सूचना संधारित कर संबधित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गए हैं।

## उदयपुर में खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ 16 से

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर में 16 से 30 जून तक जिला एवं संभाग स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर लगेंगे। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर की ओर से प्रदेश में ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर की घोषणा कर दी गई है। परिषद की ओर से जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर 16 जून से 30 जून तक आयोजित होंगे। इन शिविरों में 12 से 18 वर्ष के खिलाडी भाग ले सकेंगे। जिला स्तर पर 100 तथा संभाग स्तर पर 150 खिलाडी भाग ले सकेंगे। उदयपुर में ये शिविर महाराणा प्रताप खेलगांव एवं महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) में आयोजित होंगे। इन में इच्छुक खिलाडी भाग ले सकते है। प्रशिक्षण शिविर तैराकी, बास्केटबाल, वालीबाल, लॉन-टेनिस, तीरन्दाजी, हॉकी, लेक्रोस, जूडो, बाक्सिंग, टेबल-टेनिस, फुटबाल, एथलेटिक्स,कुश्ती, कायकिंग एण्ड केनोईग खेलो में आयोजित होंगे। डॉ. पालीवाल के बताया कि प्रशिक्षण शिविर हेतु खिलाडी अपना पंजीयन दिनांक 13.06.2025 तक कार्यालय, क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर में करवा सकते है।

## गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के पोस्टर का विमोचन




### युवाओं को गाय के वैज्ञानिक महत्व से जोड़ने का प्रयास

### आरएसएस के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने किया विमोचन

उदयपुर (पुकार)। भारतीय संस्कृति में गौ माता का स्थान अत्यंत पूजनीय रहा है। गाय केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय कृषि, पर्यावरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसका अमूल्य योगदान है। आज के युवाओं को गाय के इस व्यापक महत्व से वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने प्रान्त की योजना बैठक में गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के पोस्टर विमोचन समारोह में व्यक्त किए। राजस्थान क्षेत्र गौ सेवा संयोजक राजेन्द्र पामेचा ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा 2025 सितम्बर माह में होना प्रस्तावित है। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों और समाज के हर वर्ग को भारतीय जीवनशैली, प्राकृतिक चिकित्सा और पर्यावरणीय संतुलन में गाय की भूमिका के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। यह परीक्षा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तथा सामान्य नागरिकों के लिए यह परीक्षा वर्गानुसार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष 2024 की परीक्षा में उल्लेखनीय सहभागिता रही। राजस्थान में कुल 4,690 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 3,22,000 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वहीं, देशभर में 8,000 से अधिक केंद्रों पर करीब 7 लाख प्रतिभागियों ने परीक्षा दी, जो इस अभियान की व्यापकता और सामाजिक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

#### परीक्षा पैटर्न एवं विशेषताएँ

यह परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होती है तथा पाठ्यक्रम की निशुल्क पुस्तिका सभी प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई जाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, चित्तौड़ प्रान्त संघचालक जगदीश राणा, प्रान्त कार्यवाह शंकर माली, प्रान्त प्रचारक मुरलीधर, प्रान्त गौ सेवा संयोजक भंवरलाल और सह संयोजक धनराज मालव भी उपस्थित रहे एवं अपने विचार व्यक्त किये।

गौ सेवा गतिविधि द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का उद्देश्य युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को गाय के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराना है।गौ सेवा के विभिन्न आयामों को जनमानस तक पहुँचाने और वैज्ञानिक गौ चेतना के प्रसार के इस अभियान में राजस्थान के लगभग 2,500 कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य बने प्रो. गौरव वल्लभ



उदयपुर (पुकार)। भाजपा के राष्ट्रीय नेता प्रो. गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के साथ प्रो. गौरव वल्लभ की पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद टीम में शामिल होने कयासों पर आधिकारिक मुहर लग गई है। प्रधानमंत्री को आर्थिक व संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिए यह परिषद एक सर्वोच्च संस्था है। प्रो. गौरव वल्लभ की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य के पद पर नियुक्ति बतौर अर्थशास्त्री की गई है। अब प्रो. गौरव वल्लभ भारत सरकार (विशेष रूप से प्रधानमंत्री) को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक एवं संबंधित मुद्दों पर सलाह प्रदान करने का कार्य आर्थिक सलाहकार परिषद के माध्यम से करेंगे। परिषद के चेयरपर्सन अर्थशास्त्री एस. महेंद्र देव हैं। भाजपा नेता प्रो. गौरव वल्लभ देश-विदेश के कई आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित उच्च शैक्षणिक संस्थानों में बतौर वित्त के प्रोफेसर के रूप में सेवाएं देते आ रहे हैं। अर्थशास्त्री व वित्त विशेषज्ञ प्रो. गौरव वल्लभ के 100 से ज्यादा शोध-लेख दुनिया के श्रेष्ठ अकादमिक जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। प्रो. गौरव वल्लभ के विभिन्न समसामयिक आर्थिक मुद्दों पर आलेख नियमित रूप से देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। प्रो. गौरव के आर्थिक-सामाजिक मुद्दों पर आधारित कई शोध पत्र देश-दुनिया की प्रतिष्ठित कांफ्रेंसेज में प्रस्तुत किए जा चुके हैं।

### डॉ. दिलीप जैन सम्मानित



उदयपुर (पुकार)। श्री दिगंबर जैन दशा हुमड़ समाज, उदयपुर द्वारा आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रानी रोड स्थित रॉयल रिसॉर्ट में सम्पन्न हुआ। समारोह में समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ. दिलीप जैन को भी उनके चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी सतत सेवा भावना, रोगियों के प्रति समर्पण एवं चिकित्सकीय उत्कृष्टता की समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

### आयुर्वेद कौशलम् का शुभारम्भ



उदयपुर (पुकार)। विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान इकाई एवं मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर -4 में चार दिवसीय व्यक्तित्व विकास आवासीय शिविर - आयुर्वेद कौशलम् 2025 का शुभारंभ हुआ। व्यक्तित्व विकास शिविर आयुर्वेद कौशलं कार्यशाला के आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि व्यक्तित्व विकास शिविर में भारत वर्ष के विभिन्न प्रान्तों राजस्थान, हरियाणा, गुजरात आदि से आयुर्वेद विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विष्णु मित्तल ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह दीपक शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, स्वदेशी आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंच परिवर्तन विषय समाहित है। शुक्ल ने स्व का भाव, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार इन पांच समाज परिवर्तन परिवर्तन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आयुर्वेद के युवा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय भाव जागृत के साथ समाज में चेतना का संदेश दिया। साथ ही पानी बचाना, प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के बारे में भी बताया। विश्व आयुर्वेद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय प्रभारी विद्यार्थी प्रकोष्ठ डॉ किशोरी लाल शर्मा ने कार्यक्रम परिचय एवं संगठन का परिचय दिया।

### उदयपुर के योगेश उपाध्याय सिंगिंग में टॉप 3 में रहे



उदयपुर (पुकार)। राजवीर फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले टैलेंट के आदित्य क्रेजी शो को जज सुपर जोधाणा टैलेंट शो सीजन 4 हुआ और इस कार्यक्रम में सिंगर, मॉडल्स ओर डांसर ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी सेलिब्रिटी जज ने प्रतिभागियों को परखा । आयोजन शिव गढ रिसोर्ट डाली बाई सर्कल में आयोजन हुआ। दिनेश जावा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह देखते हि बन रहा था। राजवीर फिल्म प्रोडक्शन के बुलाये जज द्वारा मॉडल्स ,सिंगर ओर डांसर का चयन सेमीफाइनल से फाइनल के लिए चयन किया। फाइनल में उदयपुर के योगेश उपाध्याय 8 सिंगर में से टॉप 3 में रहे। जिन्होंने अपने गायन से जज को प्रभावित किया। साथ मॉडल में उदयपुर से चेतन जांगिड़ , सिंगर मे नेहा वैष्णव, डांसर में बिट्टू वैष्णव ने भाग लिया।

# खाटूश्याम मन्दिर गर्भगृह शिलाओं का हुआ पूजन

**मन्दिर बन रहा है बाबा तुमको आना होगा - केमिता**

**संजू शर्मा शुभांगी ने भजनो पर खूब नचाया**

**फूल बंगलें मे बाबा श्याम के अद्भुत सुगंधित दर्शन**

**भक्त ो का सैलाब उमडा जीमा छप्पन भोग भण्डारा प्रसाद**





उदयपुर (पुकार)। मन्दिर बन रहा है बाबा तुमको आना होगा-केमिता राठौड़ ने गाया तो छोटे बड़े सभी भक्त आयोजक सहित हारे के सहारे, जय श्रीश्याम के उद्घोष के साथ भावविभोर हो गये। अवसर था श्री श्याम सेवा ट्रस्ट उदयपुर की ओर से मंगलवार को तुलसीदास सराय डबोक एयरपोर्ट रोड पर निर्माणाधीन खाटूश्याम मन्दिर गर्भगृह आधार शिला पूजन वृन्दावन के आचार्य ब्रजेश महाराज के सानिध्य मे विधिवत बड़ी धूमधाम से हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि निर्माण कार्य को एक वर्ष होने के उपलक्ष्य मे वृन्दावन के आचार्य ब्रजेश जी महाराज के सानिध्य मे प्रथम सायं 5:15 बजे से ट्रस्टीगण एंव गणमान्य लोगो के द्वारा शिला पूजन अर्चन कर शिलाओ को गर्भगृह में धराया। जहां सभी पांचों मन्दिर में भगवान के चरण कमल धराये जायेगें। इस बाद 7:15 बजे से दिल्ली के सुप्रसिद्ध श्याम भक्त महेंद्र गोयल के नेतृत्व मे रंग बिरंगी फूलमालाओ बन्दनवार से सजाये पाण्डाल तथा सुसज्जित दरबार मे जयपुर के साँवरिया डेकोरेटर द्वारा कोलकात्ता बैंगलोर जयपुर के मोगरे की मालाओ से सुगंधित सुंदर फूलबंगले मे बाबा श्याम को विराजमान किया गया। ऐसे अद्भुत मनोहारी नयनाभिराम दर्शन से भक्त आकर्षित हो निहार रहे थे।भक्तो की बढती सख्यां गर्मी एंव बारीश को देखते हुए ट्रस्ट ने समुचित व्यवस्था कर रखी थी। समूचा परिसर जगमगाती रगं बिरंगी लाईटो से चमचमा रहा था। पाण्डाल श्याम प्रेमियो के सैलाब से खचाखच भरा रहा।

छप्पन भोग प्रसाद भण्डारा

बाबा के समक्ष तुलसी पंचामृत खीर चूरमा पारम्परिक भोग के साथ छप्पन तरह के व्यंजनो का भोग धराया गया। जिसे देर रात आरती पश्चात भण्डारे के साथ सभी भक्तो को परोसा गया। कोलकात्ता के संजू शर्मा ने कोलकात्ता के कन्हैया म्यूजिकल ग्रुप के साथ अपने चिरपरिचित अन्दाज मे 'जाने कब आयेगा मुझे अपना बनायेगा...' किस्मत वालो को मिलता है श्याम तेरा दरबार...आयेगा आयेगा आयेगा नीले चढ सांवरा आयेगा... जैसे भजनो के साथ खासकर पारम्परिक धमाल भजनो की ऐसी सरिता बहायी की भक्त आनन्दित हो हिलोरे ले रहे थे।

खेतान ने बताया कि ट्रस्टीगण एंव गणमान्य लोगो के कर कमलो से शिलाओ का विधिवत पूजन करा निर्माणाधीन पांचों मन्दिर मे क्रमशः गणेश जी, हनुमान जी शंकर जी राणीसती दादी तथा बीच मे मुख्य खाटूश्याम जी मन्दिर मे धराये गये।

मन्दिर 1 लाख 17 हजार वर्ग फुट पर बनेगा, जिसमे मुख्य मन्दिर का फ्लोर एरिया 13000 स्कायर फिट है। फ्लोर के नीचे 9000 स्कायर फिट का सत्संग हाल बन रहा है।मन्दिर की ऊंचाई 91 फिट रहेगी जो मैन हाईवे से 20 फिट ऊपर होने से सड़क से भी दर्शन हो सकेंगें। जो पत्थर अयोध्या मे राम मन्दिर के लिए लगाये वही पत्थर मन्दिर के लिए बान्सी भरतपुर से आ रहे है। सचिव प्रताप गुप्ता के अनुसार पांच मन्दिर, सत्संग हाल, कीर्तन स्थल के अलावा गौशाला,100 कमरो की धर्मशाला,वृद्धाश्रम तथा 30,000 स्कायर फिट का सुन्दर गार्डन बनाना भी प्रस्तावित है। इससे पूर्व प्रारंभ मे बाबा श्याम की अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। आने वाले सभी भक्तो ने आहूति दे दर्शन किए।

# खतरगच्छाधिपति मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा का दादाबाड़ी में हुआ प्रवेश

### गुरू के मार्गदर्शन से मनुष्य के जीवन को मिलती है सही दिशाः आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वर





उदयपुर (पुकार)। परमपूज्य खतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा का आज दादाबाड़ी स्थित वासुपूज्य मंदिर में शोभायात्रा के रूप में बाजे गाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। प्रातःकालीन वेला में आचार्यश्री सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति में ज्योति होटल उदियापोल से बैण्ड बाजों के साथ सूरजपोल चौराहा, चम्पालाल धर्मशाला से मेवाड़ मोटर्स की गली से होते हुए दादाबाड़ी स्थित वासुपूज्य मन्दिर पहुंचे। यहां पर मंगल प्रवेश के बाद विशेष परिधान में सजी मंगल कलशधारी महिलाओं ने गुरुवर का वन्दन किया। उसके बाद गुरूदेव मन्दिर पहुंचे, भगवान की प्रतिमाओं के दर्शन किए और धर्मसभा में पहुंचे। वहां पर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा मंगल गान किया गया।

धर्म सभा में समाज के प्रतिनिधियों ने आचार्यश्री से चातुर्मास 2025 उदयपुर में ही करने की विनती की। इसके बाद अध्यक्ष ने उदयपुर समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। समारोह का संचालन प्रकाश नागौरी ने किया।

इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा में परमपूज्य खतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज ने कहा कि जीवन में गुरु का मार्गदर्शन मिलना बहुत जरूरी है जिससे कि मनुष्य अपने जीवन को सही दिशा में ले जा सके। गुरु के सानिध्य में ही आत्मा को परमात्मा बनाया जा सकता है। गुरुदेव ही पाषाण को परमात्मा बनाने का सामर्थ्य रखते हैं। हमारे पुण्योदय से ही हमारे जीवन में गुरु प्राप्त होते हैं । हमें कई साधना और तपस्या के बाद ही मोक्ष की प्राप्त होती है। हम जीवन में कई प्रकार के गुरु प्राप्त करते हैं लेकिन बिना धार्मिक गुरु की प्राप्ति के हमारा जीवन अधूरा रहता है।

आचार्य मणिप्रभ महाराज ने कहा कि उदयपुर में लगभग साढ़े तीन वर्षों बाद आना हुआ। केसरियानाथ के दर्शन करने का मन था। दस तारीख को ही आने का भाव था और दस तारीख को ही पहुंचे। उदयपुर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सभी अपनी अपनी परम्परा का पालन करते हैं। गुरु भक्ति का भाव तो सभी की रग रग में है। यहां की यही भक्ति भाव बार-बार हमें यहां खींच कर लाती है। हमें जीवन में जो भी मिला, जैसा भी मिला, जो भी रंग रूप मिला, गरीबी मिली या अमीरी मिली हमें स्वीकार करना है। हम जीवन निर्माण के चौराहे पर खड़े हैं, हमें अपने कदम किस और बढ़ाने हैं जहां हमें हमारी मंजिल मिल जाए। इसके लिए हमें अपने अन्तर्मन से पूछना पड़ेगा। मुझे करना क्या है, मुझे होना क्या है यह निर्णय हमें स्वयं करना है। किस दिशा में हमें कदम बढ़ाना है जिससे हमारे जीवन का कल्याण हो सकें। हम सरल सुगम सहज भक्ति की धारा में बह जाएं, हमें ऐसा काम करना है।

आचार्य श्री ने कहा कि बांसुरी में स्वयं परमात्मा बसते हैं। वह परमात्मा के हाथों की शोभा होती है और वह भगवान श्रीकृष्ण के होंठों से लगती है। जहां दांत हैं, जहां गांठ है, उसमें मिठास नहीं, उसमें रस नहीं। बासूरी के दांत नहीं होते इसीलिए वह सुरीली होती है। गन्ने में भी जहां गांठें होती है वहां न रस होता है न मिठास होती है। हमें अपने जीवन से भी किसी के भी प्रति लगी मनमुटाव या नाराजगी की गांठें खोलने का काम करना है। जहां गांठें होती है वह समाज कभी प्रगति नहीं कर सकता। हमें गांठें खोलने का काम करना है। इस अवसर पर मयुखप्रभ म.सा. एवं साध्वीश्री अमितगुणाश्रीजी ने भी प्रवचन दिये। कार्यक्रम में ट्रस्टी एंव अध्यक्ष राज लोढ़ा, सचिव दलपत दोशी, सहित पूरी कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।



लाभगढ़ में बॉलीवुड सितारों का जमावड़ा

## बॉलीवुड में कठिन मेहनत करने वाला ही होता है सफलःमतनारा चोपड़ा

उदयपुर (पुकार)। बॉलीवुड में कराब पांच भाषाओं में गाने गा चुके उदयपुर के सिंगर विशाल जोशी की लाभगढ़ में हुए शादी के रिसेप्शन में आज बॉलीवुड से लाभगढ़ रिसोर्ट में भाग लेने आयें कलाकार एवं प्रोड्यूसर राजू मनवानी,द्रोणाचार्य फेम सुरेन्द्र पाल,महाराणा प्रताप सीरीयल में प्रताप की भूमिका निभाने वाले फेज़ल खान,सास भी कभी बहू थी सीरियल फेम जितेन्द्र ललवानी,लाफ्टर चैलेंज विजेता उदय दईयां,कलाकार रीतिका,बिग बॉस सहित विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकी मनारा चोपड़ा,मर्दानी-2 में रानी मुखर्जी के साथ लीड रोल करने वाले विशाल जेठवा की मौजूदगी से शादी में चार चांद लग गये।

उदयपुर में उदयपुर के लायन्स क्लब के पूर्व रिज़न चेयरमेन घनश्याम जोशी के पुत्र विशाल जोशी एवं बहू सपना की शादी में कलाकारों का कहना था कि राजस्थान संस्कृति जैसी शादी कहीं और देखने को नहीं मिलती है। यहां के रीति रिवाज,खान-पान,यहां के लोगों का अपनत्व,प्यार अनुपम है। यहां की संस्कृति बरबस हर किसी को यहां खींच लाती है।

बिग बॉस फेम मनारा चोपड़ा ने कहा कि बॉलीवुड में वहीं व्यक्ति सफल हो सकता है जो कठिन मेहनत करता है। मेवाड़ उन्हें बहुत पसन्द आया है। यहां का खास भोजन दाल-बाटी चूरमा का उन्हें काफी लगाव हो गया है। वे इसे अब मुबंई में विशेष रूप से खायेगी। यहां के लोग काफी कॉपरेटिव नेचर के है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति को जीवन में सफल होना है तो उसे अपनी नेचर को नहीं बदलना होगा। वे अभी भी भीतर से बार्बी डॉल है। बिग बॉस से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। तेलगू फिल्मों में उन्होंने बहुत काम किया है। आज हम सभी बॉलीवुड से यहां पर अपने मित्र सिंगर विशाल जोशी की शादी में भाग लेने आये है। करबी 4-5 फिल्मों सहित विभिन्न भाषाओं में गाने गा चुके विशाल जोशी ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। उसके लिये लम्बी मेहनत करनी पड़ती है और उसके बाद जो सफलता मिलती है। वह स्थायी होती है। कलाकारों ने शादी में फिल्मी डॉयलॉग बोलकर सभी का मनोरंजन किया। आज सभी ने चित्तौड़ एवं चित्तौड़ दुर्ग का भ्रमण कर यहां की संस्कृति को नजदीक से जाना।

## पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल आज उदयपुर में

**विभागीय अधिकारियों की लेंगे बैठक**

उदयपुर (पुकार)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल 11 जून को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल 11 जून को सुबह 9 बजे नाथद्वारा से प्रस्थान कर 9.45 बजे सर्किट हाउस उदयपुर आएंगे। 9.55 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 10 बजे पटेल सर्किल स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सभागार पहुंच कर विभाग के अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक लेंगे। केबिनेट मंत्री दोपहर 1 बजे भीलवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**



उदयपुर (पुकार)। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान एडीएम राठौड़ ने विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की जिले में प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इसके अलावा संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान राज्य बजट में जिले हेतु हुई घोषणाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। एडीएम ने संबंधित विभागों को योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत जिले को आवंटित पौधरोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीएम राठौड़ ने आरएसपीसीबी, पशुपालन विभाग की मंगला पशु बीमा योजना, सहकारिता, रोजगार तथा खेल विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### महान स्वतंत्रता सेनानी कनक मधुकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

उदयपुर (पुकार)। स्वतंत्रता सेनानी स्व. कनक मधुकर की 17वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को नवजीवन भवन, उदयपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने मधुकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि कनक मधुकर जी का जीवन संघर्ष, बलिदान और निष्ठा का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में मधुकर परिवार के सदस्य - दीपक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, डॉ. नवनीत अग्रवाल और पूनम अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक**

वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रतापनगर, उदयपुर

( विशाल पेट्रोल पम्प के सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)

क्रमांक : एफ ( ) / निविदा / PMKSY 2.0 / 2025-26 / 307 दिनांक : 3.6.2025

**ई निविदा सूचना 13-15 / 2025-26**

पीएमकेएसवाये 2.0 (जलग्रहण घटक) चरण प्रथम परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक भीण्डर, वल्लभनगर एवं कुराबड़ (3 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्य (पौधारोपण) के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 41.18 लाख रुपये दिनांक 13.06.2025 को दोपहर 5.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती हैं। बोलियों से संबन्धित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते हैं।

यूबीएन संख्या : WSC2526WSOB00367, WSC2526WSOB00370, WSC2526WSOB00371

अतिरिक्त अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर
प्रतापनगर, उदयपुर

DIPR/C/7492/2025



**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः- प्रन्यास–II/2025-26/182 दिनांक :-10.6.2025
ऑनलाईन क्रमांक- 132218

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूखण्ड संख्या 5 पार्ट योजना भट्टजी की बाडी, उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 4000 वर्गफीट हैं। इस भूखण्ड को प्रार्थीगण श्रीमती कविता तातेड पत्नी श्री उपेन्द्र तातेड, श्री शलभ तातेड पिता श्री उपेन्द्र तातेड, श्री राजु शर्मा पिता श्री जगदीश प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री राजु शर्मा निवासी उदयपुर को अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 05.06.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका पड़ौस निम्नानुसार हैः-

पूर्व- सड़क 42 फीट — पश्चिम- नाला
उत्तर- भूखण्ड संख्या 5 का भाग — दक्षिण- भूखण्ड संख्या 4

पूर्व में उक्त भूखण्ड नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर के द्वारा दिनांक 23.08.1966 को श्रीमती कुसुम कुमारी नलवाया पत्नी श्री रणजीत लाल नलवाया को दिया गया। उक्त भूखण्ड वर्तमान में श्री मोहित नलवाया पिता श्री मृदुल नलवाया के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थीगण ने उक्त भूखण्ड दिनांक 22.05.2025 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अतः समस्त आम खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पड़ौसियो के मध्य उक्त भूखण्ड प्रार्थीगण के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रन्यास शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

सूचित रहें।

**आयुक्त**
**नगर निगम, उदयपुर**


# संस्कृत शिविर में जाग रही भाषा की चेतना

**संभाषण, श्लोक, क्रीड़ा और संस्कृति का हो रहा संगम**



उदयपुर (पुकार)। संस्कृत भाषा केवल एक प्राचीन विरासत नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा है। इसी को सजीव बनाने के लिए संस्कृत भारती की ओर से उदयपुर के रेती स्टैंड स्थित किसान भवन में चलाया जा रहा सात दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण शिविर इन दिनों विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस शिविर में प्रतिभागी बच्चों और युवाओं को खेल–खेल में संस्कृत बोलना, लिखना, पढ़ना और शुद्ध उच्चारण में श्लोक पाठ करना सिखाया जा रहा है। यह शिविर न केवल एक भाषा शिक्षण का माध्यम है, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और वैदिक दृष्टिकोण को पुनर्जीवित करने का एक समर्पित प्रयास भी है।

वर्ग शिक्षक श्रीयांश कंसारा ने बताया कि शिविर की दिनचर्या अनुशासन और आध्यात्मिकता का समन्वय है। दिनचर्या अत्यंत अनुशासित व संस्कारमय है। प्रातः 4:45 बजे जागरण के साथ दिन का शुभारंभ होता है, जिसके बाद 6:30 बजे 'प्रातः स्मरण सत्र' प्रारंभ होता है। इसमें एकात्मता स्तोत्र के माध्यम से समष्टिगत चेतना का जागरण कराया जाता है। भाषा क्रीडा(खेल) सत्र में मंगलवार को कार क्रीडा , अमरनाथ यात्रा क्रीडा , पद अन्वेषण क्रीडा खेल खेल में संस्कृत माध्यम से करवाई गई। इसके पश्चात शिक्षण सत्र में विभिन्न शब्दों के पुल्लिंग व स्त्रीलिंग रूपों के अभ्यास के साथ लोट् लकार का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस सत्र में पंचांग कथन की परंपरा को भी आत्मसात कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी वैदिक समयबोध और खगोलीय व्यवस्था से परिचित हो सकें। मंगलवार को भक्त शब्द का प्रयोग किया गया।

शिक्षण व्यवस्था प्रमुख मानाराम चौधरी ने बताया किगलवा को द्वितीय सत्र सरस्वती वंदना, वर्ग गीत व धन मंत्र के अभ्यास का रहा। इसके पश्चात तृतीय सत्र में संभाषण (वार्तालाप) अभ्यास कराया गया। चतुर्थ सत्र में विभक्ति पठन कराया गया। विशेष रूप से चतुर्थी और पंचमी विभक्तियों का अभ्यास कराकर उनका प्रयोग सिखाया गया। पंचम सत्र में पत्रकों के माध्यम से विभक्तियों का व्यावहारिक उपयोग समझाया गया और पुनः एक संभाषण कक्षा का अभ्यास करवाया गया।

अंतिम चरण में चर्चा सत्र हुआ, जिसमें संस्कृत के महत्व, उपयोगिता और उसके प्रचार–प्रसार के उपायों पर विचार हुआ। युवाओं को यह बोध कराया गया कि संस्कृत कोई मृतभाषा नहीं, बल्कि यह भारतीय ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म, गणित, साहित्य और संस्कारों की जड़ है। इस अवसर पर संस्कृत भारती के डॉ यज्ञ आमेटा, मानाराम चौधरी, श्रेयांश कंसारा, डॉ रेनू पालीवाल, नरेंद्र शर्मा, चैनशकर दशोरा, दुष्यंत नागदा, मंगल कुमार जैन, कुलदीप जोशी, विकास डांगी, मेहरान , जय, सोनल , नीलू डांगी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# सम्पादकीय

## सिंदूर से बेवफाई

पिछले एक पखवाड़े में इंदौर से विवाह के तुरंत बाद मेघालय हनीमून पर गए राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम के अचानक लापता होने की गुत्थी ने पूरे देश का ध्यान खींचा। हालांकि, 23 मई को लापता होने के बाद राजा का शव दो जून को बरामद हो गया था, लेकिन सोनम के लापता होने की घटना निरंतर देशवासियों को परेशान करती रही। यहां तक कि मेघालय के लोगों के शेष भारत के लोगों के साथ कथित आक्रामक व्यवहार के नाम पर मेघालय के खिलाफ सोशल मीडिया पर अतिरंजित टिप्पणियां तक की जाती रहीं। लेकिन मेघालय पुलिस की गहन छानबीन के बाद इंदौर के तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद सोनम का उत्तर प्रदेश के गाजीपुर पुलिस के समक्ष समर्पण करना, इस पूरे कांड की कहानी ही बदल देता है। सवाल उठे कि मेघालय के जिस ईस्ट खासी हिल्स जिले में राजा का शव मिला वहां से एक हजार किलोमीटर से अधिक दूरी पर उ.प्र. के गाजीपुर सोनम कैसे पहुंची। अब इस रहस्यमय मामले पर से मेघालय, उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश की पुलिस पर्दा उठाने की कोशिश में है। इंदौर के राजा दंपति का हनीमून मनाने मेघालय जाना, फिर दोनों का गायब होना, राजा का शव बरामद होना तथा सोनम के लापता होने का घटनाक्रम किसी फिल्मी कहानी की तरह आगे बढ़ता रहा। अब सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बताने की कोशिश में हैं तो राजा का परिवार दोषियों को सजा देने की मांग कर रहा है। लेकिन सारे मामले में सोनम की भूमिका, उसके पिता की फर्म के कर्मचारी की गिरफ्तारी तथा सोनम की रहस्यपूर्ण ढंग से गाजीपुर पहुंचने की कहानी कई संदिग्ध सवालों को जन्म दे रही है। लोगों के दिमाग में सवाल हैं कि दोनों परिवारों की सहमति से 11 मई को हुई शादी का यह दुखांत क्यों? हालांकि, राजा की हत्या बहुत ही सुनियोजित तरीके से की गई, लेकिन गाइड द्वारा राजा-सोनम के साथ तीन अन्य लोगों की उपस्थिति की बात ने मेघालय पुलिस को हत्या के तार जोड़ने में मदद की। दरअसल, शिलांग पुलिस ने बताया था कि इंदौर के एक व्यक्ति की हत्या में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें हनीमून के दौरान हत्या की साजिश रचने वाली उसकी पत्नी भी शामिल है। अब तक रहस्यमय तरीके से लापता बहू के मिलने की प्रतीक्षा कर रहे राजा के परिवार को हकीकत जानकर सदमा लगा है। मेघालय पुलिस के दावे के बाद उन्होंने सोनम की तसवीरें जलाकर गुस्सा जाहिर किया है। सार्वजनिक विमर्श में ये सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ तो यह दुखांत क्यों? हाल के दिनों में मेरठ व देश के अन्य भागों में प्रेमी से मिलकर पति की हत्या करने के कई मामलों ने विवाह संस्था पर मंडराते संकट पर चिंता बढ़ाई है। सवाल उठा है कि परिवार की सहमति से धूमधाम से विवाह रचाने वाली सोनम ने आखिर ऐसा घातक कदम क्यों उठाया? जैसा कि बताया जा रहा है कि उसने अपने पुराने प्रेम संबंधों के लिये राजा को अपनी राह से हटाया। उसने खुद ही मेघालय की फ्लाइट बुक की और सुनियोजित तरीके से भारी-भरकम गहनों के साथ कथित हनीमून पर निकली। कभी पति-प त्नी के जिन रिश्तों को जन्म-जन्मांतर का साथ बताया जाता था, उन्हें हाथ की मेहंदी सूखने से पहले कत्ल किया जाना, हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता व अविश्वास को ही उजागर करता है। आखिर क्यों विवाह से पूर्व आरोपी ने घर वालों को दो टूक नहीं कहा कि वह किसी और से प्यार करती है? क्या उसे कथित अपने प्यार को पाने के लिये राजा की जान लेनी जरूरी थी? क्यों अपने व ससुराल पक्ष के लाखों रुपये शादी के नाम पर यूं ही जाया किये? घर में शादी की रौनक के बीच बेटे की लाश के आने का ग़म राजा के परिवार को सालों साल सालता रहेगा। निश्चित रूप से यह घटना करोड़ों रिश्तों में एक हुई है, लेकिन समाज में अविश्वास के बीज बोती तो नजर आती है। लोग ऐसी घटना का उल्लेख करते हुए होने वाले तथा हो चुके रिश्तों को संशय की दृष्टि से देखेंगे। जो किसी स्वस्थ समाज के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### प्रतापनगर मोक्षधाम मे किया पौधारोपण



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** प्रतापनगर स्थित डाईट रोड मोक्षधाम मे आज आषाढ पुर्णिमा के अवसर पर चित्तौडगढ विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या के नेतृत्व में फल व छायादार पौधे लगाए। पेड लगाते समय शपथ ली की पेड पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर , पूर्व पार्षद बहादुर बैरवा एडवोकेट सुनील रजक , पिन्टू मीणा, रमेश रामचन्दानी, महेन्द्र सिह राठोड, विशाल रजक, रितिक कोदली, प्रदीप लोट, कन्हैयालाल कीर, वरिष्ठ कार्यकर्ता नगजीराम लौहार, गोपाल बुनकर, देवीलाल गुर्जर, व मोक्षधाम कर्मचारी बलराम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत निम्बाहेड़ा होगा पॉलीथिन मुक्त



**निम्बाहेड़ा (पुकार)।** राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग के द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव जयपुर के आदेशानुसार जल संरक्षण एवं जल संचयन कार्य हेतु नगर परिषद निम्बाहेड़ा द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान 2.0 पखवाड़ा 5 जून 2025 से 20 जून 2025 तक मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद निम्बाहेड़ा आयुक्त कौशल कुमार खटुमरा के निर्देश पर परिषद् के स्वास्थ्य निरीक्षक मनीष सिंगोलिया ने मय टीम के 10 जून, मंगलवार को प्लास्टिक कचरे का चिन्हित स्थल पर निषपादन करने के कार्यक्रम के अनुसार नगर के मुख्य बाजारों मे पॉलिथिन जब्त करने की कार्यवाही की गई।

# उत्कल रंजन साहूः पुलिस की गौरवशाली सेवा से आरपीएससी अध्यक्ष तक



**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू (RR:88 बैच) को मंगलवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। साहू वर्ष 1989 से भारतीय पुलिस सेवा में कार्यरत हैं। ओडिशा के निवासी हैं साहू ने एम.टेक (इंजीनियरिंग - जियोलॉजी) की शिक्षा प्राप्त की है।

**एक लंबा और प्रतिष्ठित करियर**

साहू ने अपनी लंबी सेवा अवधि में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए राजस्थान पुलिस को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रशिक्षण के बाद उनकी पहली पोस्टिंग वर्ष 1991 में एएसपी जोधपुर ईस्ट के रूप में हुई। इसके बाद, 1993 में वे कमांडेंट आठवीं बटालियन आरएसी अगरतला में कार्यरत रहे।

एसपी के रूप में उन्होंने धौलपुर, बाड़मेर, आरएसबीआई जयपुर, हनुमानगढ़, सीकर, बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा और जोधपुर शहर जैसे विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दीं। जोधपुर शहर से पदोन्नति के बाद वे उपमहानिरीक्षक के पद पर एसबीबी (स्पेशल विजिलेंस) में कार्यरत रहे।

इसके पश्चात, उन्होंने आईजी एसबी (स्पेशल विजिलेंस), कोटा रेंज, पुलिस मुख्यालय, रूल्स, प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन, इंटेलिजेंस जैसे वरिष्ठ पदों पर कार्य किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में, उन्होंने इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंस एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा, गृह रक्षा एवं प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे डीजी प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन एवं गृह रक्षा भी रहे।

**सम्मान और नवाचार :** वर्ष 2024 से साहू राजस्थान पुलिस के पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष 2016 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से और 2005 में पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। साहू के नेतृत्व में पुलिस बल की कार्यशैली में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा मिला है, जिससे पुलिस व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। उनका लंबा और बेदाग करियर उन्हें आरपीएससी चैयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पद के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है, जहां उनकी अनुभव और निष्ठा से सार्वजनिक सेवा में और अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी।

**प्रमुख तैनातियाँ**

- पुलिस महानिदेशक, राजस्थानः 2024 से वर्तमान तक
- डीजी, होम गार्ड्स एवं प्लानिंगः 2020-2024
- एडीजी के पद परः 2014-2020
- डीआईजी, आईजी के पद परः 2005-2014
- एसपी, विभिन्न जिलों मेंः 1994-2005 तक

# पर्यटन को लगेंगे पंख : मोबाइल एप 'सफर बांसवाड़ा' लांच



**बांसवाड़ा (पुकार)।** कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने कहा है कि नैसर्गिक सौंदर्यश्री से लकदक और शिल्प वैशिष्ट्य की धरा बांसवाड़ा जिले का सौंदर्य पर्यटकों को दिखाना जरूरी है, ऐसा होने पर ही बांसवाड़ा का पर्यटन बढ़ेगा। कलक्टर मंगलवार को यहां कलेक्ट्रेट में बांसवाड़ा के पर्यटन स्थलों पर आधारित एक मोबाइल एप 'सफर बांसवाड़ा' को लांच करते हुए संबोधित कर रहे थे। यह मोबाइल एप वेब मैप एप्लीकेशन जीआईएस तकनीक का उपयोग करके महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा गुजरात के भूगोल विभाग के पीएचडी शोधकर्ता विरांच दवे और पुलिस मुख्यालय जयपुर में कार्यरत अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ. कमलेश शर्मा द्वारा तैयार किया गया है। इस एप के लांच होने के बाद तैयार होने के बाद अब बांसवाड़ा आने वाले पर्यटक जल्द ही अपने मोबाइल फोन से पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कलक्टर ने कहा कि एप को अधिकाधिक आकर्षक विडियो–फोटो का उपयोग करते हुए पर्यटकों के लिए उपयोगी बनाया जाए और इसको जन–जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया इंफ्लूएंजर्स का सहयोग भी लिया जाए। इसके साथ ही होटेलियर्स, ट्रेवल एवं टूर एजेंट्स के माध्यम से भी इस एप का प्रचार–प्रसार किया जाए। इस मौके पर डॉ. कमलेश शर्मा व विरांच ने इस एप की विषयवस्तु व उपयोग की प्रक्रिया के बारे में बताया। जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर रितिक ने भी इस एप को प्रचारित–प्रसारित करने में सहयोग को आश्वस्त किया। विरांच ने बताया कि कोई भी व्यक्ति क्यू आर कोड को स्कैन करके किसी भी मोबाइल पर इसे इंस्टाल कर उपयोग कर सकता है। किसी भी तरह की समस्या आने पर मोबाइल नंबर 9601760652 पर संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर कपिल व आकाश सेठिया भी मौजूद रहे।

**जीआईएस तकनीक बनी मददगार :** शहर के नागरवाड़ा निवासी प्रतिभावान युवा शोधार्थी विरांच दवे द्वारा बांसवाड़ा जिले में पर्यटन सर्किट की पहचान करने के लिए जीआईएस तकनीक का उपयोग किया है। इस अध्ययन को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस एप में बांसवाड़ा के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों और इसके पहुंच घटक को दिखाने के लिए जीआईएस का उपयोग करके मानचित्र बनाए और आकर्षक जानकारियां व फोटो संकलित किए गए हैं।

**29 स्थानों का समावेश :** इस एप में बांसवाड़ा में पर्यटन महत्व के 29 स्थानों का समावेश किया गया है वहीं इसमें कर्क रेखा से संबंधित स्थानों को भी दिखाया गया है। इसमें बांसवाड़ा जिले के वर्तमान सड़क नेटवर्क के आधार पर अध्ययन ने दो महत्वपूर्ण पर्यटन सर्किट जैसे माही नदी सर्किट और धार्मिक ऐतिहासिक सर्किट डिजाइन किए हैं। माही नदी सर्किट में माही नदी द्वारा बनाए गए सुंदर प्राकृतिक स्थल शामिल हैं जबकि धार्मिक ऐतिहासिक सर्किट में बांसवाड़ा जिले की सांस्कृतिक महिमा को दर्शाने वाले स्थल शामिल हैं। माही नदी सर्किट में कडेलिया वॉटरफॉल, चाचा कोटा, माहीडेम, जगमेरू हिल और कागदी को सम्मिलित किया गया है वहीं धार्मिक–ऐतिहासिक सर्किट में तलवाड़ा, त्रिपुरा सुंदरी, रामकुंड, भीमकुंड, पाराहेड़ा, अर्थुना, मानगढ़, नंदनी माता, ब्रह्मा जी और शहर के प्रमुख स्थानों को लिया गया है।

# महाराणा कुंभा ट्रस्ट ने अर्पित की क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर को श्रद्धांजलि



**भीलवाडा (पुकार) ।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक पूज्य श्री भगवान सिंह रोलसाहबसर को महाराणा कुंभा ट्रस्ट के कुंभा भवन में श्रद्धांजलि दी गई हाल ही में 5 जून को श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर का देहावसान हो गया था जिनका अंतिम संस्कार जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सहगीत जलवे अनेक रण के गीत के साथ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया इसमें उपस्थित सभी सर्व समाज बंधुओ ने पुष्पांजलि अर्पित की। श्री क्षत्रिय युवक संघ के भीलवाड़ा प्रांत प्रमुख गजेन्द्र सिंह चौकी खेड़ा ने बताया कि पुष्पांजलि के दौरान वक्ताओं ने संस्मरण सुनाए कहा संघ के संरक्षक भगवान सिंह केवल क्षत्रिय युवक संघ के मुखिया ही नहीं रहे अपितु सर्व समाज और मानव मात्र के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के लिए पुरोधा बनाकर जिस प्रकार से उन्होंने एक क्षत्रिय का जन्म के अनुरूप कार्य होना चाहिए वह जीवन जिया। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से क्षत्रिय को श्रेष्ठ और आदर्श करके बताया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कान सिंह खारड़ा, शंकर सिंह रेह, एडवोकेट रघुनंदन सिंह, विक्रम सिंह नेतावल खेड़ा, उपासना सिंह निमझर, हर्षिता कंवर गांगलस ने साहब के संस्मरण को सुनाया। श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भीलवाड़ा विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह राज का देवरिया, महाराणा कुंभा ट्रस्ट के संरक्षक मनोहर सिंह हाडा, भरत सिंह दौलतगढ़, कुंभा ट्रस्ट के सचिव भगवत सिंह खारडा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह नीम का खेड़ा, प्रताप युवा शक्ति के जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह जामोली, हेमेंद्र सिंह डाबला, एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह मोटरास, चतर सिंह मोटरास, गोविंद सिंह भोमियों का रावला, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार, जिलाध्यक्ष बबलू सिंह ठूमीया, तेजपाल सिंह कारोई, योगेंद्र सिंह रूपाहेली, विक्रम सिंह नेतावल खेड़ा दुर्गेश सिंह मानसिंहजी का खेड़ा, हेमराज सिंह दौलतगढ़, सहित बडी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन यशपाल सिंह नीमझर ने किया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर महिलाओं को मिली विशेषज्ञ चिकित्सकों की निःशुल्क सेवाएं



**भीलवाडा (पुकार) ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस (पीएमएसएमए) के अवसर पर राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सांगानेर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने औचक निरीक्षण कर संस्थान पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की तथा चिकित्सा टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने यह जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस (पीएमएसएमए) अभियान प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को आयोजित किया जाता है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। इस अवसर पर संस्थान पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रितेश कुमार चन्देल, नर्सिंग ऑफिसर अरविन्द कुमार जोशी, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइज़र सुनील पाठक, लेखा सहायक रवि तंबोली सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन की बैठक आयोजित

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ब्लड फाउंडेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। चित्तौड़गढ़ मुख्यालय पर आयोजित बैठक के संबंध में सचिव हिमांशु बैरवा ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य निर्मल कुमार देसाई ने संविधान की प्रस्तावना के साथ शपथ दिलाई और अंगदान के संबंध में विचार व्यक्त किये। अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सुरेश खोईवाल ने रक्तदान के महत्व को प्रतिपादित किया।

इस दौरान ब्लड फाउंडेशन के संस्थापक मनोज कुमार बैरवा ने बताया कि विभिन्न राज्यों में संस्थान की शाखा संचालन करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं इस दौरान बताया कि मध्यप्रदेश के उज्जैन और रतलाम में संस्था की शुरुआत की जा चुकी है और नीमच में पहले से ही संस्था कार्यरत है। वहीं उन्होंने जानकारी दी कि आपातकालीन स्थिति में जिला मुख्यालय के 10 किलोमीटर के दायरे में सभी रक्तदाताओं को रिजर्व रखा गया है ताकि तुरंत रक्त उपलब्ध हो सके। इस दौरान एएस-एसटी महासंघ के अध्यक्ष कमल मीणा, रविन्द्र बैरवा, गणेश खटीक, रामेश्वर बैरवा और विष्णु कुमार खटीक आदि ने विचार व्यक्त किये। बैठक के दौरान दिलकुश खटीक, राजेश मीणा, संजय सालवी, विनोद कुमार मीणा, अंकित मीणा, बंटी नायक, कालूराम बैरवा, विपुल खोईवाल, पुरूषोत्तम खटीक, प्रतापगढ़ से शिवलाल मीणा, जाफर खान, गणेश मीणा, अनिल गुर्जर, कोटा से महिपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान कोटा संस्था के संचालक ने पुलिस भर्ती के दौरान आने वाले अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क सेवाएं देने की जानकारी दी।

**माहेश्वरी समाज का सामाजिक सरोकारों को समर्पित 'मंथन' का प्रथम सोपान सम्पन्न**

# हमें बेटियों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना होगा, उन्हें धर्म और संस्कृति के प्रति करना होगा सजग- सुभाष बाहेती

**उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन एवं माहेश्वरी फ्रेंड्स समिति, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंथन समस्या से समाधान तक विचारगोष्ठी आयोजित**

**भीलवाडा (पुकार)।** माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय न होने से भावनात्मक रिक्तता पनप रही है, जिससे किशोरवय बेटियां प्रेम की आड़ में छल का शिकार हो रही हैं। 'हमें बेटियों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना होगा, उन्हें धर्म और संस्कृति के प्रति सजग करना होगा। यह बात उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन एवं माहेश्वरी फ्रेंड्स समिति, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में देवाली फतेहपुरा स्थित विद्या भवन ऑडिटोरियम में आयोजित 'मंथन समस्या से समाधान तक विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी सुभाष बाहेती ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप कही। बाहेती ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज माहेश्वरी समाज की जनसंख्या लगभग 15-20 लाख से घटकर 9 लाख तक सीमित हो गई है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे समाज में विवाह में विलम्ब, संतानोत्पत्ति में देर, दिखावटी जीवनशैली, पारिवारिक संवाद की कमी और आधुनिकता की अंधी दौड़ ने सामाजिक सरोकारों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने विवाह को समय पर करने, दिखावटीपन से दूर रहने, दो से अधिक संतान जन्म देने में हिचक नहीं रखने, छुआछूत मिटाने और सामाजिक एकजुटता बढ़ाने जैसे सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि 'हम सभी के पालनहार भगवान महेश हैं, पर समाज का दायित्व हमें खुद निभाना होगा। इससे पुर्व समाज की बदलती संरचना और सामाजिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में माहेश्वरी समाज ने एक सशक्त पहल करते हुए सामाजिक चेतना को जागृत करने की दिशा में श्रृंखला का आरम्भ किया। संगठन अध्यक्ष मयंक मूंदड़ा ने बताया कि यह श्रृंखला समाज में व्याप्त ज्वलंत समस्याओं पर खुली चर्चा कर समाधान की दिशा में सामूहिक चिंतन का आरंभ है। कोषाध्यक्ष सुदर्शन लढा ने बताया कि संवाद सत्र में सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, संबंधों में गिरती संवेदनशीलता, युवाओं की मनःस्थिति, धर्मांतरण जैसे गूढ़ व जटिल विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा तथ्यपरक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। फ्रेंड्स समिति के तरुण असावा ने बताया कि सेमिनार में भीलवाड़ा से आए समाजसेवी सुभाष बाहेती और यशोदा मंडोवरा ने प्रमुख उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी रहे। जबकि अध्यक्षता सीए आशीष कोठारी ने की। सहवक्ता यशोदा मंडोवरा ने विषय को विस्तार देते हुए कहा कि आज समाज 'लव जिहाद', 'लैंड जिहाद' और 'व्यापारिक जिहाद' जैसी सुनियोजित साजिशों का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि छद्म पहचान देते हुए प्रेम की आड़ में बेटियों को फंसाकर उनका धर्मांतरण कर उन्हें असहाय बना देना, एक राष्ट्रीय षड्यंत्र की ओर संकेत करता है, जिससे हमें सजग रहना होगा। मंडोवरा ने कहा कि समाज की प्रत्येक बेटी को आत्मरक्षा के लिए जूड़ो-कराटे, तलवारबाज़ी, आत्मबल और विचारबल से सुसज्जित किया जाए। उन्होंने दुर्गा वाहिनी जैसी संगठनों से जुड़ने और धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों को भागीदार बनाने की बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'देश को बचाने के लिए बेटियों को पहले बचाना होगा। उन्हें धर्म, गौरव और अस्तित्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। समिति के भरत बाहेती ने बताया कि संवाद में विभिन्न आयुवर्ग के समाजबंधुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान महिला समाजसेवी पूनम भदादा व समाजसेवी श्रीरत्न मोहता का सम्मान भी किया गया।

# भारतीय मजदूर संघ ने पर्यावरण प्रदूषण रोकने हेतु जिला कलेक्टर को सौंपा सुझाव पत्र




**भीलवाडा (पुकार) ।** भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा ने पर्यावरण बचाने हेतु अखिल भारतीय कार्यसमिति के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के नाम पर सुझाव पत्र सौंपा। भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री हरीश कुमार सुवालका ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्त भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जुझना पड़ रहा है, वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, इस कारण तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया है, इसी प्रकार जल संरक्षण नहीं होने के कारण भूगर्भिय जल स्तर नीचे जाने लगा है, इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भामस के प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी ने भामसा भीलवाड़ा की ओर से सौपे गये सुझाव पत्र में वायु प्रदूषण दर्शाने वाले इलेक्ट्रीक बोर्ड लगाये जाये, नदी नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचायें जावें, अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जावें, वृक्षारोपण व रख-रखाव हेतु विशेष ध्यान रखा जावें, सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों पर तुरन्त रोक लगाई जावें, जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुये सभी सरकारी एवं निजी क्षैत्रों के कार्यालयों में रूफटोफ पर वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा के जल को एकत्रित किया जावें, शहरों से निकलने वाले कचरों का प्रबन्धन नियमानुसार उचित व्यवस्था की जावें, ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जावें, ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर कई प्रकार की समस्याऐं आ रही है, इसके रोकथाम हेतु विशेष रूप से ध्यान दिया जावें, आबादी के आस-पास के क्षैत्रों में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों व ईट भट्टों, गिट्टी, क्रेशरों की जांच की जावें तथा उन्हें पाबंद किया जावें, भीलवाड़ा के पास जिन्दल शॉ लिमिटेड द्वारा खनन किया जा रहा है, उससे निकलने वाले मलबे या मिट्टी को डालने हेतु पाबंद किया जावें तथा आस-पास की गोचर भूमि में नष्ट हुये पेड़ों की जगह पर नये पेड़ लगाने तथा रख-रखाव हेतु पाबंद किया जावें, गोचर भूमि/नदी में हो रहे अवैध खनन को रोका जावें, पुराने तालाब-बावड़िया को समाप्त किया जा रहा है, उन पर तुरन्त रोक लगाई जावें आदि पर अपने विचार रखें। इस दौरान कमलेश हाड़ा, माया प्रजापत, अणछी, सीता सोनी, राजेश चतुर्वेदी, शंकर नायक, फिरोज पठान, देवेन्द्र वैष्णव, दिनेश माली, गीता राम, हरफूल, गोविन्द शर्मा, राकेश त्रिपाठी, कैलाश वैष्णव, भंवर सिंह, संजय वैष्णव, रोशन रेगर, योगेश विश्नोई, बलवीर, गोपाल उपस्थित थे।

# युवाओ की प्रेरणा एवं शतरंज पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं- एलएन झुंझुनूवाला

**भीलवाडा (पुकार) ।** भारत की गौरवशाली शतरंज विरासत को रेखांकित करते हुए एक महत्वपूर्ण मुलाकात में, राजस्थान के युवा फीडे-रेटेड खिलाड़ी, शतरंज खिलाड़ी आलोकिक माहेश्वरी, आराध्या उपाध्याय, और हार्दिक शाह ने अपने कोच प्रकाश पाराशर के साथ, विशिष्ट उद्योगपति और शतरंज के समर्पित संरक्षक एल.एन. झुंझुनवाला से मिलने का सम्मानजनक अवसर प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित मुलाकात झुंझुनवाला के नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई, खिलाड़ियों की दिन भर दिल्ली के छतरपुर स्थित टिवोली गार्डन्स में आयोजित दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में भागीदारी के बाद। ये खिलाड़ी विवेकानंद केंद्र विद्यालय, हुरड़ा (राजस्थान) के छात्र-छात्रा हैं, जो झुंझुनवाला द्वारा राजस्थान और मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित चार विद्यालयों में से एक है। इस अवसर ने न केवल उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि भारतीय शतरंज के विकास में उनके लंबे समय से चले आ रहे योगदान से मिली गहरी प्रेरणा को भी रेखांकित किया। झुंझुनवाला की दूरदर्शिता ने एक व्यक्तिगत जुनून को राष्ट्रीय आंदोलन में बदल दिया। उनकी दूरदर्शिता और कार्यों ने शतरंज को केवल एक खेल से कहीं ऊपर उठाया, इसे रणनीतिक सोच, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के एक उपकरण के रूप में देखा। उन्होंने इस खेल के माध्यम से शिक्षा और संस्कृति के बीच की खाई को प्रभावी ढंग से पाटा, जिससे यह समाज के विभिन्न तबकों तक पहुंच सका। भारत में शतरंज क्रांति में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। 1973 में स्थापित नेशनल चेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के माध्यम से, उन्होंने देश में शतरंज के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया। उनके प्रयासों से 198 2 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसने भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को ऊंचा किया। उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम में शतरंज को शामिल करने की वकालत की और बॉटविनिक शतरंज अकादमी की स्थापना की, जहां उन्होंने विश्वनाथन आनंद और अभिजीत गुप्ता जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया। झुंझुनवाला की प्रतिबद्धता केवल शतरंज तक ही सीमित नहीं थी।

उन्होंने युवा छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कराटे, तीरंदाजी, निशानेबाजी, योग और एथलेटिक्स जैसे अन्य खेलों का भी समर्थन किया। उनकी यह व्यापक दूरदृष्टि शिक्षा और खेल के बीच तालमेल का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है। उन्होंने देश की पहली शतरंज पत्रिका, चेस इंडिया भी शुरू की और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया। उनके अभिनव प्रयासों ने न केवल क्रिकेट-प्रधान देश में शतरंज को लोकप्रिय बनाया, बल्कि यह विश्वास भी जगाया कि भारतीय खिलाड़ी वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं, एक ऐसी दृढ़ धारणा जिसने आज की क्षमताओं और जीत की नींव रखी।

# लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक सम्पन्न






**राजसमंद(पुकार)।** लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत की आयोजित प्रांतीय बैठक में संगठन के अखिल भारतीय और प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। शाखा महामंत्री हेमंत सहलोत ने बताया कि बैठक में संगठन के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र गुप्ता, अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालाड़ और प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र शर्मा का सानिध्य मिला। बैठक में सत्र 2025.27 के लिए नए प्रांतीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई इसमें चित्तौड़ प्रांत प्रभारी के रूप में पवन गोयल, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष महेश हुरकुट, प्रांत महासचिव प्रवीण गुप्ता और प्रांत कोषाध्यक्ष के रूप में शिवजी झंवर के नामों की घोषणा की गई। बैठक का उद्देश्य नए सत्र के लिए दायित्वों की घोषणा के साथ-साथ संगठनात्मक मजबूती, युवा उद्यमिता को बढ़ावा, महिला सशक्तिकरण और राज्य सरकार के साथ विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श करना था। इस दौरान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश भी दिए गए। घनश्याम ओझा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यदायित्वों और संगठनात्मक नीति के बारे में प्रशिक्षित किया। महेश गुप्ता ने संगठन को सशक्त बनाने के लिए 6 प्रमुख बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रकाश गुप्ता ने पंच परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा की और सभी से संघ के शताब्दी वर्ष प्रकल्पों से जुड़ने का आग्रह किया। शांतिलाल बालाड़ ने राज्य स्तरीय योजनाओं और इकाई सक्रियता पर संतुलित दिशा-निर्देश दिए, वहीं योगेन्द्र शर्मा ने संगठन में पद नहीं, दायित्व बोध के चिंतन को सभी के सामने रखा। संचालन प्रांत महासचिव प्रवीण गुप्ता ने किया। राजसमंद शाखा अध्यक्ष संदीप सामसुखा ने प्रांत स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल कोठारी, हर्षलाल नवलखा, शाखा उपाध्यक्ष अशोक मुरोतिया, उत्तम कावड़िया, मनीष गर्ग, दीपक कांकरिया, राजसमंद इकाई कोषाध्यक्ष प्रसून राठी, सचिव प्रकाश हिंगड़, कुलदीप व्यास, कार्यकारिणी सदस्य बृजगोपाल मालू, दिनेश परमार, रवींद्र मेडतिया, मुकेश कोठारी, अभिषेक नवलखा, निलेश सूर्या, आमेट शाखा अध्यक्ष दिनेश कोठारी, सचिव ललित बोहरा, देवगढ़ इकाई अध्यक्ष राजमल जैन, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र टांक, करेड़ा इकाई अध्यक्ष सुखलाल गुर्जर, जेतपुरा इकाई अध्यक्ष रमेश बियानी, सचिव राजेंद्र धाबाई, महिला इकाई अध्यक्षा किरण बापना, लीला लड्ढा, रेखा कोठारी, लक्ष्मीचोरड़िया, शोभना कांकरिया, पूजा बंग सहित पदाधिकरी मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त महासंघ की जिला कलेक्टर से वार्ता

## आरजीएचएस से जुड़ी समस्याओं पर सौंपा मांग पत्र



**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान राज्य सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा से मुलाकात की और आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) से जुड़ी विभिन्न समस्याओं तथा अस्पतालों में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि वृद्ध रोगियों के लिए फोटो युक्त पर्ची की सुविधा केवल आरके जिला अस्पताल में ही उपलब्ध है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजसमंद, कमला नेहरू अस्पताल और तहसील मुख्यालयों पर यह सुविधा नहीं है, जिसके कारण वृद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारियों को काफी लंबी दूरी तय कर आरके जिला अस्पताल आना पड़ता है, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी होती है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष घनश्याम जोशी, महामंत्री सत्यनारायण व्यास, परमेश्वर आचार्य, राजेंद्र पालीवाल, शिवलाल खींची, बंसीलाल रांका, रोड़ी लाल सहित सदस्यों ने यह भी बताया कि फोटो युक्त पर्ची का समय भी केवल दोपहर 2 बजे तक ही है। उन्होंने इसे बढ़ाकर रात 8 बजे तक करने की मांग की, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वाले वृद्ध सेवानिवृत्तों को भी इसका लाभ मिल सके। गोस्वामी ने जिला कलेक्टर को बताया कि राज्य सरकार का स्पष्ट आदेश है कि वृद्ध रोगियों के लिए पंजीकरण और चिकित्सक को दिखाते समय अलग से पंक्ति बनाई जाए, ताकि उन्हें लंबा इंतजार न करना पड़े। साथ ही सरकार ने उनके लिए निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था के भी आदेश दे रखे हैं, लेकिन जिला अस्पताल इन आदेशों की अनदेखी कर रहा है और उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# कांकरोली के श्री द्वारकाधीश मंदिर में प्रभु का भव्य ज्येष्ठाभिषेक आज



**राजसमंद(पुकार)।** श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के तहत कांकरोली स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में बुधवार को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रभु का भव्य स्नान यात्रा ज्येष्ठाभिषेक संपन्न होगा। इस विशेष दिन के लिए मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को प्रातः 6 बजे मंगला दर्शन खुलेंगे और इसके ठीक 20 मिनट बाद स्नान यात्रा के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर प्रभु द्वारकाधीशजी को 11 क्विंटल आम का महाभोग अर्पित किया जाएगा, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। ज्येष्ठाभिषेक के लिए एक दिन पूर्व ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंगलवार को गोस्वामी 108 डॉ वागीश कुमार महाराज सहित उनके परिवार के सदस्यों और मंदिर के मुखिया व भीतरियों ने मिलकर गोवर्धन चौक परिसर में स्थित कुएं से चांदी के पात्रों में जल भरकर लाया। इस जल का अधिवासन और शुद्धिकरण किया गया। स्नान जल को और भी पवित्र व सुगंधित बनाने के लिए उसमें खस, मोगरा, गुलाब जल, कदम्ब, कम रायबेल की कली, अगरजा और यमुना जल पधराया जाएगा। यह पारंपरिक ज्येष्ठाभिषेक पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचेंगे।

## चेक अनादरण मामले में 6 माह की सजा और 1 लाख 94,700 का प्रतिकर

**राजसमंद(पुकार)।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआईएक्ट प्रकरण की न्यायालय ने चेक अनादरण के एक मामले में रणजीत टेलर पुत्र उमाशंकर टेलर, प्रोपराइटर चंचल साड़ी नया बाजारए कांकरोली को 6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है और साथ ही 1 लाख 94 हजार 700 की प्रतिकर राशि न्यायालय में जमा कराने का आदेश भी दिया है। जानकारी के अनुसार मामला 25 अगस्त 2021 को रणजीत टेलर के खिलाफ रमेश चंद्र पुत्र केसूलाल चोरडिया, सर्राफा बाजार कांकरोली द्वारा दायर एक परिवाद से शुरू हुआ था। परिवादी के अनुसार रणजीत टेलर ने उनसे व्यापारिक कार्यों के लिए 8 नवंबर 2019 को 1 लाख और 20 अक्टूबर 2020 को 65 हजार रूपये प्राप्त किए थे। इन राशियों के भुगतान के लिए अभियुक्त रणजीत टेलर ने परिवादी रमेश चंद्र को दो अलग-अलग बैंक शाखाओं के चेक दिए। हालांकि, निर्धारित तिथि पर दोनों चेक बैंक द्वारा अपर्याप्त राशि के कारण लौटा दिए गए। इसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता धनेंद्र कुमार मेहता के माध्यम से अभियुक्त रणजीत टेलर को एक रजिस्टर्ड सूचना पत्र भेजा। नोटिस मिलने के बावजूद भी अभियुक्त द्वारा चेक में वर्णित राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में बहस और प्रसंज्ञान सुने जाने के बाद 18 फरवरी 2022 को अभियुक्त के विरुद्ध 138 एनआई एक्ट के अपराध का प्रसंज्ञान लिया गया और इसे नियमित फौजदारी प्रकरण के रूप में न्यायालय में दर्ज किया गया। दोनों पक्षों को सुनने और दर्ज बयानों के उपरांत न्यायालय ने 26 मई 2025 को अपना निर्णय सुनाया। निर्णय के अनुसार अभियुक्त रणजीत टेलर को 6 माह के साधारण कारावास की सजा और प्रतिकर के रूप में 1 लाख 94 हजार 700 रूपये की राशि न्यायालय में जमा कराने का आदेश दिया गया।

# भक्ति : सहज आनंदमय जीवन का मार्ग

## संत निरंकारी मिशन का विशाल सत्संग



**राजसमंद(पुकार)।** संत निरंकारी मिशन द्वारा मंगलवार को शहर के आवरी माता मंदिर के पीछे किशोर नगर में जयपुर से पधारे संत ज्ञान प्रचारक रामसिंह बिष्ट के सानिध्य में हुए सत्संग में संत निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन विचारों को साझा किया गया। रामसिंह बिष्ट ने सत्संग में फरमाया कि भक्ति किसी बुद्धि का विषय नहीं है, बल्कि यह सुख-दुख से ऊपर उठकर सहज अवस्था में आनंदमय जीवन जीने का नाम है। उन्होंने समझाया कि भक्ति में ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा और परमात्मा का मिलन होता है। सत्य की पहचान होने से हमारे मन का अहंकार समाप्त हो जाता है और हर किसी के अंदर परमात्मा का ही नूर दिखाई देने लगता है। उन्होंने आगे कहा कि सत्य के बोध के बाद जब हम अपने हर कार्य में निरंकार प्रभु के अहसास को शामिल कर लेते हैं और शुकराने के भाव को अपनाते हैं, तो वह भी भक्ति बन जाता है, जिससे हमें निरंतर आनंद की अवस्था प्राप्त होती है। जीवन का सबसे बड़ा सुकून परमात्मा को जानकर उससे जुड़ने में ही है। जब हम निरंकार प्रभु से जुड़ जाते हैं, तब हर समयए हर स्थान पर केवल इस परमात्मा के ही दर्शन होते हैं। संत रामसिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हमें समाज और परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए ही भक्ति करनी है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि हम आंखें मूंदकर चलें, बल्कि हमें तो सदैव जागरूक एवं चेतन रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि हर अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थिति में जब हम परमात्मा का शुकराना करते चले जाएंगे, तब हमारा जीवन सबर, शुकर एवं सुकुन से भरपूर हो जाएगा। उन्होंने अंत में कहा कि आज हमें निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के वचनों पर चलने की आवश्यकता है। सद्गुरु से प्राप्त ज्ञान ही एक ईश्वर है और इस ईश्वर को जानकर ही जीवन आनंद से भरता है। केवल मनुष्य जन्म लेना, दैनिक कार्य करना तथा पारिवारिक दायित्वों को निभाना ही वास्तविक जीवन नहीं है, अपितु वास्तविक जीवन तो वह है जिसमें परमात्मा की पहचान करके उससे एकीकार हो जाएं। उन्होंने भक्तों से इस अनमोल मानव जन्म का सदुपयोग करने का आह्वान किया।

# मंत्री खींवसर व धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष लखावत के पारिवारिक शोक में पहुंची विधायक माहेश्वरी



**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की धर्मपत्नी प्रीति कुमारी के निधन पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने खींवसर (नागौर) स्थित उनके निजी निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं परिवार को इस दुःखद घड़ी को सहने की शक्ति दें। इसके उपरांत विधायक दीप्ति माहेश्वरी राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद ओंकार सिंह लखावत की धर्मपत्नी रतन कंवर के देहावसान पर उनके पैतृक ग्राम टहला पहुँची। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं लखावत परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। माहेश्वरी ने कहा कि ये दुःखद क्षण केवल संबंधित परिवारों के ही नहींए अपितु समूचे समाज के लिए पीड़ादायक हैं। ईश्वर शोकाकुल परिवारों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उपचुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय, जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम : दीप्ति

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के हाल ही में सम्पन्न उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल बताया। माहेश्वरी ने बताया कि भाजपा ने पूर्व में प्राप्त सीटों की तुलना में लगभग दोगुनी सीटों पर विजय प्राप्त करते हुए कुल 36 में से 27 सीटों पर कमल खिलाया है। परिषद के 6 वार्डों में से 5, पंचायत समिति के 18 वार्डों में से 12 तथा नगर निकाय के 10 वार्डों में भाजपा को प्रचंड समर्थन मिला है। उन्होंने विशेष रूप से कुंभलगढ़ जिला परिषद के वार्ड में भाजपा प्रत्याशी दल्लाराम भील की ऐतिहासिक विजय को आदिवासी अंचल में भाजपा के बढ़ते जन समर्थन का उदाहरण बताया। माहेश्वरी ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकहितकारी नीतियों में जनता की आस्था का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम एक सशक्त, समृद्ध और विकसित राजस्थान की दिशा में भाजपा के बढ़ते कदमों को पुष्ट करता है।

# न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**राजसमंद(पुकार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के अध्यक्ष राघवेंद्र काछवाल के निर्देशानुसार, प्राधिकरण सचिव भारत भूषण पाठक ने मंगलवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागृह में भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 110 बंदी निरूद्ध पाए गए। पाठक ने नए प्रवेशित बंदियों से बातचीत की, जिन्होंने बताया कि उनके मामलों में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं।



निरीक्षण के दौरान कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का नहीं पाया गया। कारागृह में चिकित्सक द्वारा बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की भी जानकारी दी गई। पाठक ने सजायाफ्ता बंदियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरकों में टेलीविजन लगे हुए हैं और सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी क्रियाशील अवस्था में पाए गए। बंदियों से बातचीत करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या से इंकार किया और भोजन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान नारायण लाल तेली, प्रखर खंडेलवाल, जेल उप अधीक्षक हेमंत सालवी उपस्थित थे।

# अणुविभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विमल कावड़िया ने की अणुव्रत समिति की संगठन यात्रा



**राजसमंद (पुकार)।** अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत भवन में संगठन यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें अणुविभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विमल कावड़िया ने समिति को मार्गदर्शन दिया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अचल धर्मावत और मंत्री रमेश मांडोत ने बताया कि यह संगठन यात्रा अणुव्रत सेवी जीतमल कच्छारा एवं अणुव्रत सेवी गणपत लाल धर्मावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। डॉ विमल कावड़िया ने संगठन यात्रा के उद्देश्य और अणुविभा के विभिन्न प्रकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर स्थानीय जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और आर्थिक पक्ष को सुदृढ़ करने पर अपने विचार रखे। जगजीवन चोरडिया ने अणुव्रत आचार संहिता का वाचन किया, जबकि राष्ट्रीय बालोदय प्रभारी डॉ सीमा कावड़िया ने बालोदय शिविर के बारे में विस्तृत चर्चा की। मदन धोखा और विनय कोठारी ने कांकरोली एवं राजनगर के दो चातुर्मासिक क्षेत्र होने के कारण कार्यकर्ता निर्माण की दृष्टि से अलग-अलग समिति बनाने का सुझाव दिया। मूलचंद भालावत ने समिति को मजबूत करने के लिए वित्त की आवश्यकता पर बल दिया। कालू हसन शाह ने कहा कि अणुव्रत के नियमों से व्यक्ति अपने जीवन को सशक्त व निर्भीक बना सकता है। अणुव्रत सेवी गणपत धर्मावत ने बताया कि पहले केवल दो अणुव्रत समितियाँ थीं, लेकिन कठिन परिश्रम करके पूरे नगर परिषद क्षेत्र की एक समिति बनाई गई, जो सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के विभाजन के बजाय एक साथ कार्य करने पर जोर दिया। अणुव्रत सेवी जीतमल कच्छारा ने कहा कि अणुव्रत जीवन का दर्शन है और मानवता का संदेश देता है, स्वयं सुधरेंगे तो जग सुधरेगा। उन्होंने अणुव्रत को मानवता की मिसाल बताया। संयोजन करते हुए मंत्री रमेश मांडोत ने कहा कि अणुव्रत मानव को मानव बनाने का अभियान है। नशा मुक्ति जीवन जीना एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना ही अणुव्रत की पहचान है। हिम्मत बाबेल ने मीटिंग की प्रोसीडिंग नोट की। कार्यक्रम में संगठन मंत्री हिम्मतसिंह बाबेल, भरत कुमार दक, सह मंत्री ज्योत्सना पोखरणा, कांकरोली तेरापंथ सभा अध्यक्ष लाभचंद बोहरा, भिक्षु बोधि स्थल मंत्री सागरमल कावड़िया, कालू हसन शाह व मूलचंद भलावट ने अपने विचार रखे। अंत में सहमंत्री ज्योत्सना पोखरणा ने आभार प्रकट किया। आगामी समिति अध्यक्ष का चुनाव 30 जून को करने का निश्चय किया गया और 15 जून तक अध्यक्ष का फॉर्म भरकर चुनाव अधिकारी अणुव्रत सेवी गणपत धर्मावत, सह चुनाव अधिकारी अणुव्रत सेवी मदन धोखा के पास जमा करवाने की बात कही गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जीरण ग्राम पंचायत की अनूठी पहल : घर-घर बनेंगे श्रमिक कार्ड

**श्रमिकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**

**राजसमंद (पुकार)।** ग्राम पंचायत जीरण के प्रशासक (सरपंच) चंद्रभान सिंह चूंडावत ने श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब जीरण ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव में विशेष शिविर लगाकर श्रमिक कार्ड बनाने हेतु आवेदन करवाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। यह अभियान गुरुवार 12 जून से शुरू होगा, जिसके तहत विभिन्न गांवों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। श्रमिक कार्ड के लिए वे सभी श्रमिक आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने नरेगा में किए गए श्रम दिवस और संनिर्माण संवेदक के अंतर्गत किए गए श्रम दिवस को मिलाकर कुल 90 दिन का श्रम कार्य पूरा कर लिया है। प्रशासक चूंडावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्रमिक कार्ड धारियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाता है। श्रमिक कार्ड असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है, जो उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाता है। उन्होंने बताया कि श्रमिक कार्ड निर्माण श्रमिकों को बीमा, शिक्षा सहायता, आवास सहायता और कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंचने में मदद करता है। यह पहल निश्चित रूप से जीरण ग्राम पंचायत के श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध होगी।

### बकाया कर पर शिकंजा : राजसमंद में वाहन होंगे ''नॉट टू बी ट्रांजेक्ट''

**राजसमंद(पुकार)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जारी सख्त दिशा-निर्देशों के तहत बकाया कर जमा नहीं करने वाले वाहनों पर अब बड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि बार-बार समझाइश के बावजूद कर जमा न करने वाले वाहनों को ''नॉट टू बी ट्रांजेक्ट'' (ब्लैकलिस्ट) कर दिया जाएगा, जिससे वाहन स्वामी अपने वाहनों से संबंधित कोई भी कार्य नहीं करवा पाएंगे। अभिजीत सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के भारी वाहनों के कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 थी, लेकिन अभी भी कई वाहन मालिकों ने अपने वाहनों का कर राजकोष में जमा नहीं करवाया है। परिवहन कार्यालय द्वारा लगभग 400 ऐसे भारी वाहनों को मांग नोटिस जारी किए गए थे जिनका वर्ष 2025-26 का कर बकाया था। इसके बावजूद कई वाहन स्वामियों द्वारा अभी तक कर जमा नहीं करवाया गया है। अब ऐसे सभी वाहनों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, जिससे वे वाहन का कोई भी कार्य, जैसे ट्रांसफर, फिटनेसए परमिट आदि नहीं करवा पाएंगे। उन्होंने बताया कि कई वाहन स्वामियों द्वारा ई-रवन्ना प्रकरणों की जुर्माना राशि भी जमा नहीं करवाई गई है। ऐसे सभी वाहनों के खिलाफ राजस्थान मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53 1 (ए) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नियमानुसार वाहनों के पंजीकरण निलंबन और परमिट निलंबन की कार्रवाई शत-प्रतिशत अमल में लाई जाएगी। यह कदम बकाया कर और जुर्माने की वसूली सुनिश्चित करने तथा नियमों का पालन न करने वालों पर लगाम कसने के उद्देश्य से उठाया गया है। वाहन स्वामियों को सलाह दी गई है कि वे तत्काल अपने बकाया कर और जुर्माने की राशि जमा करवा कर भविष्य की असुविधा से बचें।

### 30 जून तक जारी रहेगी सरकारी गेंहू खरीद केंद्र पर गेहूं की खरीद

**राजसमंद(पुकार)।** मण्डल कार्यालय उदयपुर भारतीय खाद्य निगम के अधीन राजस्व जिला राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, सिरोही एवं डुंगरपुर में भारतीय खाद्य निगम एवं नाफेड द्वारा कुल 28 खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमे समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद का कुल लक्ष्य 24510 एमटी निर्धारित किया गया था उक्त लक्ष्य के विरूद्ध कुल 44354.8 एमटी की बेहतरीन खरीद की जा चुकी है। उदयपुर के अधीन संचालित खरीद केन्द्रों पर कुल 8932 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है जिसमें से 6022 किसानों द्वारा फसल का बेचान किया जा चुका है। भारतीय खाद्य निगम सभी किसान भाइयों से अपील करता है किसी भी भ्रम की स्थिति में ना पड़ कर अपना गेंहू किसी भी नजदीकी सरकारी खरीद केंद्र पर लाएँ और रुपये 2575/- प्रति क्विंटल का मूल्य पाएँ। किसानों द्वारा खरीद केंद्र पर उपस्थित किस्म निरीक्षक द्वारा मौके पर ही पंजियन करवा कर तुरंत अपनी उपज का बेचान भी किया जा सकता है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज का भुगतान खरीद के 24 से 48 घंटो के भीतर सीधा उनके बैंक खातों में किया जायेगा, उदयपुर के अधीन खरीद केन्द्रों पर अधिकतम किसान भाइयों को मात्र 24 घंटे में भुगतान किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया तथा गेहूँ की खरीद प्रक्रिया 30 जून तक जारी रहेगी ।

### नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन वन्दना एव बौद्धिक सत्र

**डूंगरपुर(पुकार)।** विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर द्वारा संचालित जिले के समस्त विद्यालयों के नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन वन्दना एव बौद्धिक सत्र में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना की।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डूंगरपुर के प्रधानाचार्य धर्मेश जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक राजेंद्र चौबीसा, मंत्री जिला प्रबंध समिति कृष्णकांत उपाध्याय, जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष केशवलाल सुथार, जिला सचिव गजेंद्र चौबीसा के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों का स्वागत शिशुवाटिका जिला प्रमुख शिला जोशी एवं जिला मंत्री कृष्णकांत उपाध्याय द्वारा शोल व उपर्णा द्वारा स्वागत किया। जिले के विषय प्रमुख नवीन चंद्र जोशी ने अतिथि परिचय करवाया मुख्य अतिथि धर्मेश जैन ने उद्बोधन में कहा कि संस्थान के समर्पण को लेकर जुड़ाव हो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक शिक्षक को अपनी कक्षा में जीवंत रखना चाहिए व बालक का सर्वांगीण विकास हो एव कक्षा में जो पढाया जाता है वह दैनिक जीवन में उपयोगी हो और बालक के सबसे ज्यादा सीखने की उम्र 4 से 6 वर्ष तक की होती हैं उन्होंने कहा कि बालक की भाषा से सिखाने का प्रयास करना चाहिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वार विकसित भारत की संकल्पना की जा सकती है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक राजेंद्र चौबीसा ने आर्शीवचन प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला शिशु वाटिका प्रमुख शीला जोशी,गेहरीलाल पाटीदार,नवीनचंद्र जोशी गिरीश पाटीदार, जलज सोमपुरा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन हरीशचंद्र शर्मा ने किया।

### ग्रीष्मावकाश में समर कैंप का विरोध: राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद(पुकार)।** भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सभी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित करने के आदेश का राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने कड़ा विरोध किया है। संघ ने शिक्षा निदेशक के नाम संयुक्त निदेशक को ज्ञापन सौंपकर इन आदेशों को वापस लेने और जुलाई माह में कैंप आयोजित करने की मांग की है। केंद्र सरकार द्वारा 7 जून को जारी इन आदेशों के अनुसार 17 मई से चल रहे ग्रीष्मावकाश के दौरान 7 दिनों का 28 घंटे का समर कैंप आयोजित किया जाना है। इसका उद्देश्य छात्रों को आकर्षक तरीके से विभिन्न भाषाओं से परिचित कराना और उनके बुनियादी संचार कौशल का विकास करना है। प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 75-100 विद्यार्थियों को इसमें भाग लेना अनिवार्य किया गया है। साथ ही जिला स्तर पर शिक्षा विभाग और डाइट कार्यालयों को सहयोग करते हुए विद्यालयों की निगरानी करनी होगी और भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का डेटाबेस तैयार करके दैनिक सूचना आरएससीईआरटी को उपलब्ध करवानी होगी। संघ ने इन आदेशों को अव्यावहारिक बताया है। संगठन के जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संघ के प्रदेश संयोजक शैक्षिक प्रकोष्ठ राजेश्वर त्रिपाठी, जिला सतीश आचार्य, ऋषिकेश गुर्जर जिला सभाध्यक्ष, दिनेश पालीवाल और रामचंद्र सेन उप सभाध्यक्ष, जय राम सिंह गहलोत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केसरसिंह राठौड़, मधु पालीवाल, राजेशसिंह राठौड़, जगदीशचंद्र बागोरा उपाध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण और खुशहाल दास वैष्णव, जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी, महिला मंत्री वीणा वैष्णव, संगठन मंत्री शंकर माली सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया है।

## संक्षिप्त खबरें...

### संयुक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को सौंपी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता शील्ड



**आमेट (पुकार)** । बॉक्सिंग प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र वर्ग की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश को मिली शील्ड चीज द मिशन द्वारा संयुक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को सौंपी। प्रतियोगिता के शिविराधिपति गिरिराज डाकोत ने बताया कि दिल्ली में 22 अप्रैल से 27 अप्रैल के मध्य आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रदेश को मिली शील्ड को शिविराधिपति द्वारा विभागीय नियमानुसार शुक्रवार को संयुक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा निदेशक में पुष्पा चौधरी को सुपुर्द की। इस दौरान बॉक्सिंग एसोसिएशन बीकानेर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, टीम मैनेजर व कोच नरेंद्र कुमार, यशवंत कुमार आदि उपस्थित थे।

### शब्द कोश से भाषा का विकास - बघेरवाल भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू

**आमेट (पुकार)** । भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मंगलवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मित्र मण्डल परिसर में शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर (स्काउट) महावीर प्रसाद बघेरवाल ने की। विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक बाबू लाल सालवी, यशवंत कुमार नगारची थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। महावीर प्रसाद ने कहा कि भाषा का विकास शब्द कोश पर निर्भर करता हैं। कम शब्द कोश के कारण भाषा का विकास अवरुद्ध होता हैं। ज्यादा से ज्यादा पुस्तके पढ़े। पढ़ने के साथ लिखने का भी अभ्यास करना जरूरी है। लिखने से भाषा का ज्ञान स्थाई हो जाता हैं। बाबू लाल ने कहा कि अलग अलग भाषाओं की जानकारी से आपस में समन्वय करने व विचार समझने में सहायता मिलती हैं। यशवंत कुमार ने कहा कि भाषा के व्याकरण पर ज्ञान देना चाहिए। इस अवसर पर गणपत लाल चौधरी,ललिता नगारची,माही सिसोदिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राखी आर्य ने किया।

### श्री क्षत्रिय युवक संघ संरक्षक को दी श्रद्धांजलि

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक व चतुर्थ संघ प्रमुख पूज्य भगवान सिंह रोलसाहबसर की स्मृति में जौहर भवन चित्तौड़गढ़ में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ स्वयंसेवक बालू सिंह जगपुरा, पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, राजेंद्र सिंह मुरोली, तेजपाल सिंह खोर, रणधीर सिंह बस्सी, खुमाण सिंह आकोलागढ़, लालसिंह भाटियों का खेड़ा द्वारा धूप, दीप, माल्यार्पण से किया गया। श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी गंगा सिंह साजियाली द्वारा जलवे अनेक रण के... सहगान करवाया गया।, सभी उपस्थित सर्व समाज, मातृशक्ति द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्री क्षत्रिय युवक संघ के जोगेंद्र सिंह छोटाखेड़ा द्वारा भगवान सिंह रोलसाहबसर के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा संघ, समाज व राष्ट्र के लिए किए गए उत्कृष्ट व प्रेरणास्पद कार्यों से अवगत कराया। वरिष्ठ स्वयंसेवक बालू सिंह जगपुरा ने पूज्य श्री के साथ बिताए संस्मरण सुनाए। पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने बताया कि ऐसा महापुरुष किसी अन्य समाज में नहीं मिलेगा जिन्होंने पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया तथा छत्तीस कौम पर अपना प्रभाव छोड़ा। भंवर सिंह कांस्या ने भी श्रद्धांजलि स्वरुप अपने विचार व्यक्त किए। गंगा सिंह साजियाली ने भावनात्मक उद्बोधन देते हुए कहा कि हम भगवान सिंह रोलसाहबसर के आदर्श व प्रेरणा को जीवन में उतारें व उनके बताए मार्ग पर चलें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं सेविका मीना कुंवर चाकूड़ा ने पूज्य श्री द्वारा मातृशक्ति शिविरों में दी शिक्षाओं की जानकारी दी। संचालन प्रांत प्रमुख दिलीप सिंह रूद ने किया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने खड़े होकर मौन रखा। प्रार्थना तथा मंत्र के साथ कार्यक्रम विकिर किया गया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में हर्षवर्धन सिंह रूद, डॉ.भगवत सिंह तंवर, पूर्व जिला प्रमुख भूपेंद्रसिंह बड़ोली, पूर्व प्रधान शक्ति सिंह मुरलिया, चित्तौड़गढ़ प्रधान देवेंद्र कुंवर, भदेसर प्रधान सुशीला कुंवर, निर्मला कुंवर ऊलपुरा, गजराज सिंह बराड़ा, गोवर्धन सिंह भाटियों का खेड़ा, ऋतुराज सिंह ओछड़ी, राम सिंह ताणा, राजेंद्र सिंह खुडानिया, नरेंद्र सिंह नरधारी, सोहनसिंह सावा, कानसिंह सुवावा, अजयपाल सिंह चरपोटिया, सूर्यकरण सिंह आकोला गढ़, विक्रम सिंह नेतावल खेड़ा, एड. लक्ष्मण सिंह बड़ोली, शंकर सिंह सालरिया, रूप सिंह, कृष्णवीर सिंह रलावता, दिलीप सिंह नारेला, श्रीनाथ सिंह तलाऊ, जीवन सिंह नरधारी, पाबूसिंह उमरी, गजेंद्र सिंह कांस्या, कान सिंह नरधारी, विमल सिंह थलखुर्द, राजेंद्र सिंह चरपोटिया, छोटू सिंह मुरलिया, भवानी सिंह झालरा, गोपाल सिंह भाटियों का खेड़ा, धर्मवीर सिंह नरेड़ी, राजदीप सिंह नेतावल,मोहन सिंह भाटियों का खेड़ा, चंद्रवीर सिंह साजियाली,लोकेंद्र सिंह रूद, चावंड सिंह दांतड़ा, नरेंद्र सिंह नाहरगढ़, भंवर सिंह गेंजरा, उदय सिंह सिंगोला, विजयराज सिंह रुद,महेंद्र सिंह जालेउ,भानु प्रताप सिंह,सुरेंद्र सिंह,मूल सिंह,भूपेंद्र सिंह,हिम्मत सिंह, आजाद सिंह, चंद्र सिंह, नेतावल खेड़ा से रणवीर सिंह, जसवंत सिंह, कृष्णपाल सिंह, एड.राजेंद्र सिंह, देवराज सिंह जगपुरा, भानु प्रताप सिंह मंडावरी, किशन सिंह पाड़ावास, दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह, चंद्रेश सिंह, जितेंद्र सिंह गोगुंदा, बलवीर सिंह, देवव्रत सिंह, दारा सिंह नेतावलगढ़, फतेह सिंह, गुरजनियां से दीपेंद्र प्रताप सिंह, गिरीश सिंह, करण सिंह हर्षवर्धन सिंह, देवेंद्र सिंह बराड़ा, अरविंद सिंह खोड़िया खेड़ा, शिवराज सिंह घटियावली, यशपाल सिंह मीनाणा, वीरेंद्रसिंह भावलिया, सुरेंद्रसिंह ऊलपुरा, महावीर सिंह, खुशपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, महेशदान सिंह, ऋषिराज सिंह, भवानी सिंह, महिपाल सिंह खेताखेड़ा, विक्रम सिंह सहित मातृशक्ति कौशल्या कुंवर, कीर्ति कुंवर, मीहिरा कुंवर, सरला कुंवर, रेखा कुंवर, राजकुंवर, मंजू कुंवर, योगेंद्र कुंवर, दीपिका कुंवर, हिताक्षी कुंवर, कैलाश कुंवर, सरिता कुंवर, आदित्य कुंवर, रजनी कुंवर, नक्षत्रा कुंवर, अंबिका कुंवर, कीर्ति कुंवर तथा नेतावल खेड़ा शाखा के बालक- बालिकाओं सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज, मातृशक्ति ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ओवरब्रिज बनाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई आयोजित, जिंदल द्वारा लिखित वादे से मुकर जाने पर किया गहरा रोष व्यक्त**

# भीलवाड़ा से अरबों रुपये कमाने के बावजूद जिंदल शॉ लिमिटेड भीलवाड़ा के विकास में योगदान से मुंह मोड़ रहा है- लक्ष्मीनारायण डाड

**भीलवाडा (पुकार)** । ओवरब्रिज बनाओ संघर्ष समिति की होटल नंदिनी में आयोजित बैठक में समिति सदस्यों ने जिंदल शॉ लिमिटेड द्वारा ओवरब्रिज निर्माण के अपने लिखित वादे से मुकर जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिंदल का अनुबंध से मुकरना स्थानीय प्रशासन की विफ्लता है। बैठक में पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड ने कहा कि भीलवाड़ा से अरबों रुपये कमाने के बावजूद जिंदल शॉ लिमिटेड भीलवाड़ा के विकास में योगदान से मुंह मोड़ रहा है जिससे जनता के बीच जिंदल की बदनामी हो रही है। समिति ने सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक अशोक कोठारी की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने जिंदल को चेतावनी देते हुए अपने वादे को हर हाल में पूरा करने हेतु आगाह किया। समिति सदस्यों ने कहा कि जिंदल शॉ लिमिटेड लिखित अनुबंध के बावजूद प्लांट लगाने में टालमटोल कर रहा है और आयरन के नाम पर अन्य महंगी धातुओं को निकालकर उन्हें कहीं और बेच रहा है जो गंभीर एवं आपराधिक कृत्य है। उन्होंने प्रशासन से जिंदल द्वारा सरकारी जमीन से पानी ले जाने पर नियमानुसार किराया लेने का सुझाव दिया ताकि शहर का विकास हो सके। समिति ने जिंदल द्वारा तमाम अवैध खनन नियमों की अवहेलना का आरोप भी लगाया है। कांग्रेस नेता दुर्गेश शर्मा एवं महेश सोनी ने बताया कि समिति द्वारा जिंदल की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जन जागरण अभियान और कानूनी कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया है साथ ही इस संबंध में स्थानीय सांसद, विधायक और मीडिया से मिलकर समिति हर संभव कार्यवाही करेगी। सदस्यों ने यह भी चर्चा की कि जिंदल के कुछ अधिकारी भीलवाड़ा में चोरी और सीनाजोरीष्करते हुए जिंदल को बदनाम कर रहे हैं, जिस पर जिंदल के उच्च प्रबंधन को सोचना चाहिए। बैठक में पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू, खनन विशेषज्ञ नेमकुमार सिंघवी, पारस मोगरा, सीताराम खटीक, ओम कसारा और अशोक मूंदड़ा मौजूद थे।



# वंदे गंगे जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित





**भींडर (पुकार)** । पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भींडर परिसर में आज वंदे गंगे जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसके अंतर्गत एक रैली निकाली गई जो नगर में जन जागरूकता और पर्यावरण जल संरक्षण के साथ-साथ आम जन में यह जन जागृति हो कि हमारे चारों तरफ जो वातावरण है उसको हमको शुद्ध और साफ सुथरा रखना चाहिए। विद्यालय के सेमिनार हॉल के अंदर संपन्न चार्ट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता के अंतर्गत भींडर नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और अपना शानदार प्रदर्शन किया तत्पश्चात भिंडर उप खंड विकास अधिकारी जी, अतिरिक्त मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार और प्राचार्य अशोक कुमार जोशी ने रैली को हरे पत्ते दिखाकर नगर के लिए रवाना किया रैली में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और क्लीन वाटर बॉडीज के अंतर्गत विभिन्न स्लोगन के साथ यह आयोजन नगर के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए जन जागरण को एक शानदार दिशा प्रदान की दिशा प्रदान की।

रैली में उपखंड कार्यालय के अधिकारी, उप खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक और शिक्षिका, आंगनवाड़ी आशा सहयोगिनियों, स्काउट गाइड एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक इत्यादि ने भाग लिया और अभियान को सफल बनाया। अतिरिक्त मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार खटीक ने सभी को शपथ दिलाई, प्रिंसिपल अशोक कुमार जोशी ने पर्यावरण संरक्षण अभियान को सभी के समर्थन की अपील की।

पर्यावरण संरक्षक अम्बा लाल चौबीस ने सभी से आने वाले वर्षा ऋतु में पौधे लगाने और जल की शुद्धता को बनाए रखने की अपील की। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम का संयोजन संचालन दिनेश प्रकाश शर्मा व्याख्याता पीम श्री विद्यालय भींडर ने करते हुए सभी से जल संरक्षण के साथ साथ पंच तत्वों के शुद्धता को महत्व देने की अपील सभी से की।

# वन्यजीव घनत्व गणना 2025

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन्यजीवों के घनत्व के अनुमान हेतु वन्यजीव गणना कार्य 11 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह गणना कार्य विशेष रूप से वाटर हॉल पद्धति से किया जाएगा, और यह वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जिसमें वे वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में उनकी गतिविधियों को देख सकेंगे। उपवन संरक्षक राहुल झांझरिया ने बताया कि गणना कार्य 11 जून 2025 को प्रातः काल से शुरू होकर 12 जून 2025 तक लगातार 24 घंटे किया जाएगा। इस दौरान, प्रत्येक वाटर हॉल पर दो व्यक्ति मौजूद रहकर कार्य करेंगे। गणना में मुख्य रूप से मांसाहारी वन्यजीवों जैसे कि बघेरा, सियार, जरख, जगली बिल्ली, लोमड़ी, भेडिया, भालू, बिज्जू, सियागोश, और शाखाहारी वन्यजीवों जैसे कि चीतल, साभर, रोजड़ा, नीलगाय, चिकारा, चोसिंगा, जंगली सुअर, सेही, उडन गिलहरी, तथा विभिन्न पक्षियों जैसे सारस, गिद्ध, जंगली मुर्गा, मोर, और रेगने वाले वन्यजीवों जैसे कि मगरमच्छ, पाटागोह, कछुआ, सर्प प्रजाति इत्यादि की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि वन्यजीव प्रेमी, संस्थाएं और विद्यार्थी इस गणना कार्य में स्वेच्छिक रूप से भाग ले सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित स्थानों पर अपना नाम पंजीकरण करा सकते हैं। उप वन संरक्षक वन्यजीव चित्तौड़गढ़ कार्यालय में, सहायक वन संरक्षक, वन्यजीव बस्सी / धरियावद कार्यालय में, क्षेत्रीय वन अधिकारी, वन्यजीव बस्सी / धरियावद / जाखम / बड़ी सादड़ी कार्यालय पर अपना नाम पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक व्यक्ति dcfwlchittorgarh@gmail.com पर ईमेल भेज सकते हैं, या सहायक वन संरक्षक, वन्यजीव धरियावद 9560415908, सहायक वन संरक्षक, वन्यजीव बस्सी» 9783444683 फोन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। गणना कार्य में भाग लेने वाले व्यक्तियों के साथ वन विभाग का एक कर्मचारी भी तैनात किया जाएगा, जिससे वन्यजीवों की पारदर्शिता बनी रहे और कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लें और इस वन्यजीव घनत्व अनुमान कार्य को सफल बनाएं। इस कार्य में वन विभाग द्वारा गठित वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति के सदस्य भी सक्रिय रूप से भाग लेकर विभाग का सहयोग करेंगे। अधिक जानकारी के लिए सहायक वन संरक्षक, वन्यजीव धरियावद 9560415908, सहायक वन संरक्षक, वन्यजीव बस्सी 9783444683

### शिवसेना ने किया तीन शवों का अंतिम संस्कार



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । जिले के विभिन्न थानान्तर्गत मिले तीन शवों का शिवसेना द्वारा हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया जिनमें दो लावारिस शव थे और एक के परिवार अंतिम संस्कार में असमर्थ थे। प्राप्त जानकारी अनुसार भदेसर थानान्तर्गत एक बुजुर्ग का शव झाड़ियों में पड़ा मिला वहीं निम्बाहेड़ा थानान्तर्गत कल्याणपुरा नदी की पुलिया पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। दोनों घटनाओं की सूचना पर संबंधित थाना पुलिस ने मौके पर पहुँच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शिनाख्ती के प्रयास किये। शिनाख्ती नहीं होने से शवों का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में बीमारी की स्थिति में उपचाररत एक बुजुर्ग की दौराने इलाज मृत्यु हो गई। परिवारजनों के अंतिम संस्कार में असक्षम होने पर शिवसेना की ओर से निःशुल्क अंतिम संस्कार किया गया। तीनों ही शवों का सिटी मोक्षधाम में भारत विकास परिषद के सहयोग से हिन्दू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भदेसर थाना एएसआई सुनील कुमार, निम्बाहेड़ा थाना एएसआई भेरूलाल, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार सहित भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश नुवाल, सचिव बृजेश सोडानी, रमेश ईनाणी, कन्हैयालाल देवपुरा, इनरव्हील क्लब की ऋतु भोजवानी, ऋतु पोखरना, डॉ. सुशीला लड्ढा, पार्षद अनिल ईनाणी, अनुराग जिंदल, पुष्कर नराणिया, हेमन्त भट्ट, किशन ओढ़, कालु मीणा, मनीष धोबी, ललित धोबी, सुरेश मीणा, शिवलाल माली, शंभू गायरी, भेरूलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।


### 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकसी में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के तत्वावधान में 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' (05 जून से 20 जून 2025) के तहत मंगलवार को पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत चिकसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रमदान से हुई, जिसके पश्चात मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत संपादित कार्यों का अवलोकन किया गया। मानसून पूर्व मृदा कार्य जैसे कि कंटूर ट्रेंचिंग , जल संकल्प शपथ कार्यक्रम, जल रैली, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान से संबंधित आईईसी पेम्फलेट का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त चारागाह विकास कार्य का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात राजीव गांधी सेवा केंद्र चिक्सी में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण की महत्ता, जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संग्रहण, पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक पौधारोपण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त अभियान के विषय में जागरूक किया गया एवं संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी बीनू देवल, विकास अधिकारी समुन्द्र सिंह, तहसीलदार राहुल धाकड़, जलग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियंता बद्रीलाल जाट, चिक्सी प्रशासक किशोरी बाई साहू, गणेश लाल साहू, जलग्रहण सहायक अभियंता लोकेश कंठालिया, ग्राम विकास अधिकारी श्रवण लाल टोडावता, पटवारी कविता बेनीवाल, कनिष्ठ सहायक भंवर सिंह भाटी, इन्द्र मल गुर्जर, देवी लाल कुमावत, शोभा लाल कुमावत, बाबूलाल, प्यार चन्द जटिया, मंजू देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विशाल शोभायात्रा एवं कलशोत्सव के साथ सतरंगी कल्याण महाकुंभ का शुभारंभ आज





**निंबाहेड़ा (पुकार)** । मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ के 20 वें कल्याण महाकुंभ को भव्यतम रूप देने के लिए वेदपीठ के पदाधिकारियों, न्यासियों, आचार्यों, बटुकों, वीर वीरांगनाओं, शक्ति ग्रुप की बालिकाओं, कृष्णा शक्ति दल की माता-बहनों एवं बड़ी संख्या में कल्याण भक्तों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। कल्याण नगरी का प्रत्येक वाशिंदा इस महाकुंभ को द्विगुणित करने के लिए पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ तत्परता से जुटा हुआ हैं। महाकुंभ के प्रथम दिवस 11 जून को आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ नव दिवसीय महाकुंभ प्रारंभ होगा। यह शोभायात्रा दशहरा मैदान स्थित ढाबेश्वर महादेव से प्रात» 7 बजे प्रारंभ होगी।

जिसमें मुख्य आकर्षण मुंबई के प्रसिद्ध एएस ढोल, पुनेरी पाठक के कलाकारों का बैंड, मिशन सिंदूर, ब्रम्होस मिसाइल, 25 भारतीय सेना के जवानो की टुकड़ी, राम दरबार, शिव बारात, ओम्कारेश्वर शिवलिंग अभिषेक, छावा, भगवान परशुराम, भारत माता सहित कई सजीव झांकियां, हाथी, घोड़े, ऊंट, ऊंट गाड़िया, रतलाम के प्रसिद्ध 30 सदस्यों द्वारा रोप मलखम, रतलाम अखाडा, निंबाहेड़ा बीवीएस ग्रुप उस्ताद दिनेश माली की टीम अखाडा, वीर एवं वीरांगना द्वारा शस्त्र प्रदर्शन, 11 स्थानीय बैंड, 21 मालवीय ढोल, भस्म रमैया की तर्ज पर स्थानीय ढोल, केसरियां बाना पहने बटुक, वीर-वीरांगनाएं, 51 अश्व, 31 ऊंट, 11 ऊंट गाड़िया, 2100 कलश धारण किए माता-बहनों के साथ ही 300 गांवों की प्रभात फेरियों के समागम सहित कई आकर्षण के केन्द्र होंगे। शोभायात्रा का नगरवासी भी पग पग पर पलक पावड़े बिछाकर स्वागत करने के साथ ही नगर भ्रमण पर निकले कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी के रथ की पूजा अर्चना कर स्वयं को धन्य करेंगे। शोभायात्रा में सजी धजी बग्गी में श्री राम कथा वाचक परम् पूज्य दीदी माँ मंदाकिनी श्री रामकिंकर जी रामायणम धाम आश्रम, अयोध्या से भी शामिल होंगे। शोभायात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों द्वारा आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया जाएगा। इस शोभायात्रा में कल्याण नगरी के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों व मेवाड़, मालवा, हाड़ौती, मारवाड़, वागड़ सहित देश के कई क्षेत्रों से हजारों कल्याण भक्त शामिल होकर नगर में अपार जन गंगा प्रवाहित होने का विलक्षण दृश्य प्रकट करेंगे।

**सवा 11 करोड़ राम नाम मंत्र जाप, 2100 अखण्ड सुंदरकांड पाठ, श्री रामचरित मानस पारायण अनुष्ठान पूर्ण**

कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा से वेदपीठ के आचार्यों, बटुकों एवं कल्याण भक्तों द्वारा सवा 11 करोड़ रामजाप किए जा चुके हैं। साथ ही 2100 अखण्ड सुन्दरकाण्ड के पाठ भी हो चुके हैं। 150 श्री रामचरित मानस पारायण अनुष्ठान मानस पाठ भी पूर्ण हुए।

**सामूहिक नवकार मंत्र जाप में शामिल हुआ सकल जैन समाज**

वेदपीठ की परंपरा अनुसार कल्याण महाकुंभ के पूर्व मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक नवकार मंत्र जाप के दौरान बड़ी संख्या में सकल जैन समाज की महिलाओं ने भागीदारी निभाते हुए महाकुंभ को पूरी सफलता के साथ संपन्न होने एवं ठाकुर जी की सर्वत्र कृपा बरसने की कामना करते नवकार मंत्र के जाप किए। इस मौके पर वेदपीठ की ओर से जाप करने वाली श्राविकाओं का तुलसी माला एवं उपरना से स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

**भगवा वाहन महारैली के माध्यम से किया कल्याण महाकुंभ का जनजागरण**

20 वें कल्याण महाकुंभ के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर मंगलवार सायं वेदपीठ परिसर से वेदपीठ से जुड़े वीर बालकों एवं कल्याण भक्तों ने विशाल वाहन रैली निकाली, जो मालवी ढ़ोल की थाप एवं डीजे साउंड के साथ कल्याण नगरी के प्रत्येक गली मोहल्लों में कल्याण महाकुंभ का जनजागरण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में ही संपन्न हुई। वेदपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग पांच सौ से अधिक दो पहिया एवं चौपहिया वाहनों की विशाल भगवा वाहन रैली को वेदपीठ के पदाधिकारियों एवं न्यासियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया।

वाहन रैली के शुभारंभ के अवसर पर जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, ओमप्रकाश बाहेती, पूर्व पार्षद प्रदीप मोदी, देवकरण समदानी, एकता सोनी, नगर अध्यक्ष बंसीलाल राइवल, मनोज पटवारी, रोमी पोरवाल सहित वेदपीठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रावणा राजपूत समाज ने दिया ज्ञापन



**चित्तौडगढ़ (पुकार)** । रावणा राजपूत महासभा चित्तौडगढ़ द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ़ को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन मे उदयपुर सम्भाग अध्यक्ष श्रवणसिंह भाटी ने बताया कि समाज द्वारा मांग की गयी कि समाज के युवक रणजीत सिंह सोलंकी पिता नानूसिंह सोलंकी निवासी भटवाडा तहसील गंगरार हाल मुकाम रामदेव जी का चंदेरिया चित्तौडगढ़ को दिनांक 3-6-25 को प्रातः 6 बजे शास्त्रीनगर चौराहे चित्तौडगढ पर बस चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाही से वाहन चालक द्वारा रणजीत सिंह को टक्कर मारकर घायल अवस्था मे चालक द्वारा हाथ पकड कर घसीटते हुए घायल अवस्था में साईड मे डालकर मौके से चालक बस लेकर फरार हो गया। इस प्रकार बस चालक द्वारा की गयी लापरवाही पूर्वक दुर्घटना से रणजीत सिंह घायल अवस्था मे मौके पर तडफता रहा, जिसे बाद मे चिकित्सालय ले जाया गया जिसकी वहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। इस घटना से रावणा राजपूत समाज मे रोष व्याप्त है, जिसकी पूरा समाज निन्दा करता हैं और समाज यह मांग करता है कि मृतक के आश्रितो को मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं अन्य अनुदान दिलवाया जावें एंव बस चालक के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जावें। ज्ञापन सौपने वालो मे उदयपुर सम्भाग अध्यक्ष श्रवणसिंह भाटी, जिला संयोजक राजेन्द्रसिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रतनसिंह चौहान, आनंदपाल टाईगर फोर्स जिलाध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सांखला, प्रकाशसिंह चौहान, करणसिंह गोवलिया, नारायणसिंह गोवलिया, पप्पुसिंह कश्मोर, कानसिंह चन्देरिया, आदि समाजजन मौजूद थे।

# गांगड़ी नदी आवक मार्ग पर हुई तत्काल साफ सफाई, हटाया मलबा

## ● जिला कलक्टर के निर्देशों की हुई पालना ●गेपसागर के जलआवक मार्गो को अब भी इंतजार!

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर सुरपुर दो नदी में गांगड़ी नदी आवक मार्ग पर डाला गया मलबा तत्काल हटाकर साफ-सफाई कर आवक मार्ग को साफ किया गया।

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत सभी जल स्त्रोतों के जल आवक मार्गो की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सुरपुर ग्राम पंचायत में दो नदी में गांगड़ी नदी के आवक मार्ग पर मलबा डालने की शिकायत पर जिला कलक्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही कर मार्ग की साफ सफाई करने, मलबा हटाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मलबे को हटवाया गया। साथ ही आवक मार्ग एवं जल स्त्रोत की साफ सफाई भी की गई।



डूंगरपुर। सुरपुर ग्राम पंचायत में दो नदी में गांगड़ी नदी के आवक मार्ग पर मलबे को हटाता जेसीबी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**जनता के मन के सवाल** –कब खुलेंगें गेपसागर झील के आवक मार्ग?

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का पुरें जिलें में बढ-चढ कर प्रचार प्रसार होने के साथ ही विभिन्न गांवों ओर शहरों की जनता का अपार सहयोंग ओर भागीदारी भी की जा रही हैं लेकिन प्रशासन के आलाधिकारी राज्य सरकार तक अपनें कार्यो का लेखा-जोखा भेंजने के साथ ही जिले को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट लानें के लियें प्रयासरत हैं तो वही एक ओर गांवों के तालाबों सहित अन्य पेयजल स्त्रोतों में जल संरक्षण को लेकर कार्य किये जा रहें लेकिन दुसरी ओर शहर की सबसें प्रमुख पर्यटन का केन्द्र ओर ह्दयस्थली कही जाने वाली गेपसागर झील आज भी अपनें आवक मार्गो के खुलने की गुहार कर रही हैं।

अभियान के तहत गेपसागर झील के गहरीकरण के कार्य को तों बखुबी प्रशासनिक अमलें के अधिकारीयों ने निभाया लेकिन वही दुसरी ओर अभियान को लेकर एक ओर गांगडी नदी के आवक मार्ग की तो सफाई ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य अमल में लाया गया। लेकिन दुसरी ओर गेपसागर झील पर अभियान के तहत बीलडी मांडवा-खापरडा क्षैत्र सहीत अन्य चिन्हित जलआवक मार्गो पर साफ-सफाई नही होने से मानों गेपसागर झील आज भी अपने भराव को लेकर चिंतित सी प्रतित होती हैं। आवक मार्गो पर अतिक्रमण होने से बरसात का पानी शहर की ह्दयस्थली तक नही पंहुच पाता हैं। नतीजा बारिश के दिनों में वर्षा के औसत से अधिक होने पर भी जिलें के अन्य तालाब ओर नदीयां अपने उफान पर रहती हैं फिर भी शहर की ह्दयस्थली खाली नजर आती हैं।

झील के प्रमुख आवक मार्ग पर सफाई न होनें के साथ ही अतिक्रमणों की भेंट चढ जाने के विषय पर राजस्व अधिकारीयों ने भी चुप्पी साध कार्यवाही नही करने से गेंपसागर झील के आवक मार्गो के समाप्त होने का एक प्रमुख कारण बन सा गया हैं।

प्रदेश सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अब गेंपसागर झील भी अपनी स्वच्छता ओर संरक्षण के साथ ही आवक मार्गो के खुलनें के इंतजार में हैं ओर शहर की जनता भी अपने मन में कब खुलेंगें गेपसागर झील के आवक मार्ग! का सवाल उकेरे होने ओर गेंपसागर झील को पुनः अपने आवरण में देखने के लियें ललायित सी हैं। अब देखना यह होगा कि आखिर कब वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान द्वारा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गेपसागर को भी गांगडी नदी सा स्वरूप देने के लिये अपने कदम अग्रसर करेगे ओर गेपसागर की आशा ओर आकांशाओं को पूर्ण करेगे!

# श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का दो दिवसीय पाटोत्सव आज से

## ● अग्निकर्म विधि से नि:शुल्क ईलाज आज व कल

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के न्यू कॉलोनी स्थित महावीर नगर हेड़ पोस्टऑफिस के समीप श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का 9 वां पाटोत्सव बुधवार व गुरूवार को धूमधाम के साथ मनाया जायेंगा।

मंदिर समिति के प्रवक्ता मुकेश नागदा एवं महावीर कासलीवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि दो दिवसीय मंदिर पाटोत्सव के तहत बुधवार 11 जून दोपहर में 3.30 बजे श्रीजी को रथ में विराजित कर विशाल रथ यात्रा न्यू कॉलोनी के मुख्य मार्ग से सिंधी कॉलोनी से होती हुई हेड़ पोस्टऑफिस माताजी चौक पहुंचेगी। जहां पर रात्रि 7.30 बजे से माताजी गरबा चौक में जैन समाज की मशहुर गायिका अहिंसा जैन जो कि जिनवाणी चैनल सुरविद्या आइडियल फेस टू की विजेता व इनकी गायककार टीम द्वारा डांड़िया रास का आयोजन रखा गया है। उक्त धार्मिक कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी जैन महिला मण्डल सहित पुरूष, महिला व बच्चे अपना ड्रेस कोड के साथ अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के तहत गुरूवार 12 जून को प्रातः मंदिर परिसर में वार्षिक प्रथम कलश व चार कलश की बोली के माध्यम से चयनकर्ता का चयन किया जायेगा। इसके अलावा श्रीजी पर शांतिधारा पश्चात मुनिसुव्रतनाथ विधान किया जायेगा।



मशहुर गायिका अहिंसा जैन।

# गुजरात में शराब तस्करी का प्रयास नाकाम

■ 2 लाख रुपए की शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार,मौके से कार जब्त

**डूंगरपुर(पुकार)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से 2 लाख की अंग्रेजी शराब पकड़ी है। राजस्थान निर्मित शराब को तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत हेड कांनि.प्रतापसिंह जाब्ते के साथ गश्त कर रहे थे। बिछीवाड़ा से छापी, कनबा, धामोद, मालमाथा की ओर से वापस बिछीवाड़ा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान धामोद टॉवर के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी को देखकर तस्कर स्विफ्ट डिजायर कार को मुड़ाकर वापस भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। कार ड्राइवर तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद रफीक पुत्र शमशेर खान पठान निवासी पातेला बताया। वहीं पुलिस पूछताछ में वह घबरा गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो पीछे की सीट पर काला कपड़ा डाला हुआ था। उसके नीचे शराब के कार्टन भरे हुए थे,लेकिन शराब को लेकर कोई जानकारी नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने राजस्थान निर्मित शराब के 44 कार्टन जब्त कर लिए। जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस शराब तस्कर से पूछताछ कर रही है।



डूंगरपुर। शराब तस्करी के आरोपी चालक को गिरफ्तार करती बिछीवाडा पुलिस। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने राह भटके बालक एवं बालिका को दिया सहारा



डूंगरपुर। भटके बालक एवं बालिका के साथ उपस्थित चाईल्ड हेंल्पलाईन की टीम। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपु(पुकार)।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दो लावारिस गुमशुदा बालक एवं बालिका के असहाय अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। कॉलर द्वारा बताया गया डूंगरपुर शहर के न्यू बस स्टैंड एवं मांडवा खापरडा में दो अलग-अलग जगह लावारिस गुमशुदा बालक एवं बालिका को मदद की आवश्यकता है। बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में दो टीम से कमलेश जैन, महेंद्र कलाल, बलदेव परमार और अर्चना मनात बालक एवं बालिका के पास पहुँचे और उनकी सहायता कर उनको चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय लाए। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बालक एवं बालिका से बातचीत करने के दौरान बालक ने अपना नाम कालूराम उम्र 8 वर्ष पिता देवीलाल मीणा माता बसंती निवासी कागदर केसरयाजी जिला उदयपुर होना बताया व बालिका ने अपना नाम वसुंधरा उम्र 14 वर्ष पिता रमेश कलासुआ माता सीता निवासी कागदर केसरयाजी जिला उदयपुर होना बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन व कोतवाली पुलिस के सयुक्त तत्वावधान में बालक एवं बालिका को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बालक को अस्थाई आश्रय राजकीय किशोर गृह तिजवड़, और बालिका को अस्थाई आश्रय बालिका गृह मुस्कान संस्थान डूंगरपुर में दिलवाया गया है। जो कोई भी व्यक्ति इस बालक और बालिका के संबंध में और अधिक जानकारी रखता हो तो तत्काल 1098 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय मे सूचित करे।

# विधिक जागरूकता टीम द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली के निर्देशानुसार एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 के अनुसरण में सुनील कुमार पंचोली, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश डूंगरपुर) के निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं टीम ऑफ विजीटर द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया।
मनोज मीना, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा बताया गया कि टीम जिसमें असिस्टेट हितेष भण्डारी एवं मनीषा गेललोत द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया एवं बंदीगण की समस्याओं को सुना एवं उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया एवं बंदीगण को निःशुल्क विधिक सहायता एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया साथ ही जेल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।



डूंगरपुर। विधिक जागरूकता टीम द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण करते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत कलश यात्रा

## संकल्प,पौधारोपण एवं कार्यों के हुए शिलान्यास व लोकार्पण

**डूंगरपुर(पुकार)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जलग्रहण विकास एवम् भू-संरक्षण विभाग के तत्वाधान में जिले के सभी ब्लॉक में कलश यात्रा, पौधारोपण, संकल्प के साथ-साथ कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया।

अधिशासी अभियंता रवि कटारा ने बताया कि मंगलवार को विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक में अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत पारड़ाथूर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्य का अवलोकन स्थानीय जन समुदाय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपुल मीणा के द्वारा की गई एवं कार्य का शुभारंभ नारी शक्ति द्वारा पांच दीप प्रज्वलन कर जामुन के वृक्ष की पूजा कर किया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं वार्ड पंचों के द्वारा कचनार व नीम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक मातृ शक्ति द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण जन अभियान संकल्प लेकर किया गया।



डूंगरपुर। पारडाथुर में जल संरक्षण अभियान की शुरूआत करतें अधिकारी एवं ग्रामवासी। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**दोवडा में पक्का चौक डेम लोकार्पण**
इसी क्रम में वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत मंगलवार को गांव दरा ग्राम पंचायत पाल मांडव पंचायत समिति दोवड़ा में जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा पक्का चेक डेम कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत पाल मांडव एवं लगभग पचास से अधिक ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता रवि कटारा एवं कनिष्ठ अभियंता सुश्री रोमी मीणा द्वारा विभागीय योजनाओं एवं जल ग्रहण क्षेत्र में करवाए जा रहे हैं कार्यों के बारे में जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा स्वीकृत जल संरक्षण कार्यो की उपयोगिता जैसे भू जल स्तर में वृद्धि एवं मिट्टी कटाव को रोकना आदि के बारें में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में वंदे गंगा कार्यक्रम अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

**चकमहुड़ी में ईसीडी कार्य का हुआ लोकार्पणः**–वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत गांव घाटा चक ग्राम पंचायत चक महुंडी पंचायत समिति डूंगरपुर में जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा ईसीड़ी कार्य पुल के पास का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत चक महुडी एवं बड़ी संख्यामें ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता राहुल मीणा द्वारा विभागीय योजनाओं एवं जल ग्रहण क्षेत्र में करवाए जा रहे हैं कार्यो के बारें में जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा स्वीकृत जल संरक्षण कार्यो की उपयोगिता जैसे भू जल स्तर में वृद्धि एवं मिट्टी कटाव को रोकना के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम अंतर्गत जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई गई।

**यहां भी हुए कार्यक्रमः**– अधिशासी अभियंता रवि कटारा ने बताया कि विभाग के अन्य ब्लॉक में भी साफ सफाई,पौधारोपण, संकल्प, कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ आम जन की भी सहभागिता रही।

# संक्षिप्त समाचार

## काली बाई कन्या गर्ल्स कॉलेज में नई शुरुआत

**डूंगरपुर(पुकार)।** वीर बाला काली बाई सरकारी कॉलेज,डूंगरपुर में पहली बार बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कोर्स की शुरुआत की गई है। 12वीं के बाद छात्राएं अब बीबीए से स्नातक की डिग्री पूरी कर सकेंगी। पहली बार 72 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले के किसी भी सरकारी कॉलेज में पहली बार बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स (बीबीए) की शुरुआत की गई है। इससे पहले यह कोर्स केवल निजी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ही करवाए जाते थे। यह कोर्स महंगे होने से इस क्षेत्र के युवा एड़मिशन नहीं ले पाते थे,लेकिन श्री गोविन्द गुरु यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा की ओर से डूंगरपुर के वीर बाला काली बाई गर्ल्स कॉलेज में बीबीए कोर्स की मंजूरी दी गई है। एसबीपी कॉलेज के प्राचार्य और नोडल ऑफिसर गणेश निनामा ने बताया कि पहले सत्र में ही इस कोर्स के लिए 72 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। इससे पहली बार बीबीए में छात्राएं प्रवेश लेकर बिजनेस मैनेजमेंट के गुर सीख सकेंगी। इससे छात्राएं बिजनेस प्रबंधन के बारे में समझ सकेंगी और 3 साल के डिग्री कोर्स के बाद रोजगार के भी कई अवसर मिलेंगे। डूंगरपुर के सभी सरकारी कॉलेज में अब तक आट्र्स, कॉमर्स और विज्ञान विषय ही हैं। इससे छात्राएं केवल इन विषयो में ही प्रवेश ले सकती थी, लेकिन बीबीए की मंजूरी के बाद छात्राओं को बिजनेस मैनेजमेंट सीखने का अवसर मिलेंगा।

## स्टाफिंग पैटर्न के नवीन मानदंडों में संशोधन करने की मांग

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने राजस्थान सरकार द्वारा 13 मार्च को विभाग में प्रेषित स्टाफिंग पैटर्न के नवीन मानदंडों में संशोधन करने की पुरजोर मांग की है।

जिलाध्यक्ष बलवंत बामणिया बताया कि 2015 के बाद अब 2025 में नया स्टाफिंग पैटर्न आया है। दस साल की लंबी मांग और इंतजार के बाद यह स्टाफिंग पैटर्न प्रस्तावित किया गया है। दरअसल, नवीन मानदंड का विस्तृत अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ है कि इसमें ढ़ेरों विसंगतियां है। अगर नवीन निर्देशों के आधार पर ही स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न लागू किया जाता है तो अध्यापन कार्य प्रभावित होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। नवीन मानदंडों के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक के एक संकाय वाले स्कूलों में प्रधानाचार्य के साथ हिंदी व अंग्रेजी अनिवार्य विषय के साथ पांच व्याख्याता, तीन वरिष्ठ अध्यापक, दो लेवल-2 अध्यापक एवं दो लेवल-1 अध्यापक लगाए जाने की सिफारिश की गई है।जिसमें हिंदी एवं अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों के वरिष्ठ अध्यापक पद पूर्णतः समाप्त किए जा रहे हैं। सामाजिक विज्ञान,गणित, विज्ञान आदि विषयों के पदों को न्यूनतम कर दिया गया है। इन विषयों के बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति के अवसर लगभग समाप्त हो जाएंगे। कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। जिससे वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षक भी तृतीय श्रेणी में ही अटके रहेंगे। साथ ही विभाग के लिए इन विषयों के वरिष्ठ अध्यापकों का समुचित समायोजन करना प्रशासनिक चुनौती बन जाएगा। वहीं दूसरी और कई विद्यालयों में विशेषकर विज्ञान संकाय वाले विद्यालयों में व्याख्याताओं के कई पद रिक्त भी चल रहे है। संगठन के नवनीत भट्ट, भारत सिंह राणावत, सुदर्शनसिंह उपशाखा पदाधिकारियों ने मांग की है कि विभिन्न संवर्गो की बकाया पदोन्नतियां पूर्ण करने के उपरांत ही स्टाफिंग पैटर्न लागू करने की मांग की है।

## नेजपुर के किसानों के साथ न्याय होगा–मंत्री पटेल

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्व गाँव नेजपुर के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार के विधि एवं क़ानून मंत्री जोगाराम पटेल से जयपुर सचिवालय में मुलाक़ात की। गांव के सुनील पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जोगाराम पटेल से चर्चा की। पूरे गाँव एसटी-एससी एवं ओबीसी के 65 किसानों की स्वयं की खातेदारी की ज़मीन को 1991 के सरकारी आदेश की मंशा को बिना समझे मंदिर के पुजारी बताकर खातेदारी में नाम हटा दिए। प्रताड़ित किसान 2006-2025 तक पिछले बीस वर्षो से अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। नेजपुर के किसान समस्त सरकारी सुविधाएँ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आदान-अनुदान फसली-ऋण नामांतरण आदि समस्त सुविधाओं से वंचित हैं।

जिला कलेक्टर एवं तहसीलदार द्वारा निर्णय के विरुद्ध न्यायालय राजस्व मंडल अजमेर में 2011 की अपील को 2016 में राजस्व मंडल अजमेर द्वारा निर्णय को किसानों के पक्ष में यथावत माना। 10 वर्ष होने के बाद किसानों के नामांतरण नहीं खोले गए अब तक किसान दफ्तरों में चक्कर काट कर थक चुके हैं। रेल्वे परियोजना द्वारा 25 बीघा 15 बिस्वा ज़मीन किसानों की है, जिसका मुआवज़ा नहीं मिला है। किसानों ने उधारी एवं अपने गहने बेचकर अब तक का संघर्ष किया है।

क़ानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहां कि नेजपुर के किसानों के साथ न्याय होगा। किसानों के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा। यदि हमारा किसान ख़ुशहाली के साथ जिएगा तभी हम ख़ुशहाल प्रदेश बना सकते हैं। ग्रामवासी पटेल ने बताया कि 26 वर्ष से संघर्ष कर रहे किसानों के दर्द को मंत्री जोगाराम पटेल ने सुना व समझा हैं। पटेल ने किसानों को भरपूर भरोसा दिलाया है कि किसानों के साथ मैं उचित न्याय होगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में मेघराज पाटीदार, मनोज पाटीदार व शैलेश पाटीदार मौजूद रहें।

## 30 जून तक जारी रहेगी सरकारी गेंहू खरीद केंद्र पर गेंहू की खरीद

**डूंगरपुर(पुकार)।** अधिकाधिक किसानों द्वारा रुपये 2575-प्रति किंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ लेने की अपील की।

मण्ड़ल कार्यालय उदयपुर,भारतीय खाद्य निगम के अधीन राजस्व जिला राजसमंद, चित्तौड़गढ़. उदयपुर, बांसवाड़ा, सिरोही एवं डूंगरपुर में भारतीय खाद्य निगम द्वारा कुल 28 खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमे समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद का कुल लक्ष्य 24510 एमटी निर्धारित किया गया था उक्त लक्ष्य के विरूद्ध कुल 44354.8 एमटी की बेहतरीन खरीद की जा चुकी है। उदयपुर के अधीन संचालित खरीद केन्द्रों पर कुल 8932 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है जिसमें से 6022 किसानों द्वारा फ़्सल का विक्रय किया जा चुका है। भारतीय खाद्य निगम सभी किसान भाइयों से अपील करता है किसी भी भ्रम की स्थिति में ना पड़ कर अपना गेंहू किसी भी नजदीकी सरकारी खरीद केंद्र पर लाएँ और रुपये 2575६-प्रति क्विंटल का मूल्य पाएँ।। किसानों द्वारा खरीद केंद्र पर उपस्थित किस्म निरीक्षक द्वारा वद-चवज तमहपेजतंजपवद करवा कर तुरंत अपनी उपज का विक्रय भी किया जा सकता है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज का भुगतान खरीद के 24 से 48 घंटो के भीतर सीधा उनके बैंक खातों में किया जायेगा, उदयपुर के अधीन खरीद केन्द्रों पर अधिकतम किसान भाइयों को मात्र 24 घंटे में भुगतान किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया तथा गेहूँ की खरीद प्रक्रिया 30 जून तक जारी रहेगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान: खेतों तक विज्ञान,समृद्ध किसान

**डूंगरपुर(पुकार)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को 13 वें दिन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं केंद्रीय भेड़ व ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, टोंक वैज्ञानिक, कृषि विभाग व उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नौ ग्राम पंचायतों ब्लॉक चिखली के गुन्दलारा, उदडिया व भचड़िया खारा ग्राम पंचायतों, ब्लॉक सीमलवाड़ा के साकरसी, सीमलवाड़ा व गड़ा पट्टा पीट ग्राम पंचायतों तथा ब्लॉक आसपुर के सकानी, इंदोडा व रामगढ़ ग्राम पंचायतों में कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया तथा किसानों के फ़्डिबेक लिए गए। अभियान में वैज्ञानिकों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने व पशुपालन करने के उपाय सुझाए। किसानों को अपने उत्पादन व आय बढ़ाने के लिए नवाचारों को अपनाने व पारंपरिक खेती के साथ खेती की आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों व प्राकृतिक खेती आदि को अपनाने हेतु प्रेरित किया। प्रथम टीम के वैज्ञानिक व विशेषज्ञ ब्लॉक आसपुर के सकानी, ईन्दोडा व रामगढ़ ग्राम पंचायतों में गए। जहां पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. सी.एम.बलाई ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी।

संक्षिप्त समाचार

## करांटे चेम्पियनशीप में भाग लेने उदयपुर का तीन सदस्यीय दल रवाना



**उदयपुर (पुकार)।** उत्तराखंड के देहरादून में 12 जून से आयोजित हो रही 4 दिवसीय चौथी कियो नेशनल कैडेट-जूनियर और सब जूनियर कराटे चैंपियनशीप-2025 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिये उदयपुर जिला करोट एसोसिएशन के तत्वावधान में तीन सदस्यीय एक दल आज रवाना हुआ। जिला कराटे एसोसिएशन की ओर से जनरल सेक्रेटरी और एक्सएमए राजस्थान के टेक्निकल डायरेक्टर संजू सिंह ने बताया की देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में उदयपुर समिष्टा, हिया और दिव्या भाग ले रही है। राजस्थान के जनरल सेक्रेटरी अनिल कल्याण ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के भिन्न-भिन्न जिलों से करीबन 109 प्रतिभागी भाग लेंगे और पूरे भारतवर्ष से 40 से ज्यादा राज्य भाग ले रहे है। राजस्थान टीम कोच के रूप में संजू सिंह उदयपुर से, रमेश सैनी सीकर से विशाल राणा जयपुर से इनके अलावा असिस्टेंट कोच भी साथ्च गये है। राजस्थान के रेफरी/जज का कार्य भार निमाई हालदार, ललित बैरागी और अन्य रेफरी/जज को सौपा गया है।

## खेल मैदानों में श्रमदान



**उदयपुर (पुकार)।** जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आयोजित वन्दे गंगा जल संरक्षण जल अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को महाराणा भोपाल स्टेडियम, महाराणा प्रताप खेलगांव, फतहसागर एवं चर्तुभुज व्यायावशाला में विभिन्न संचालित खेल मैदानों पर प्रशिक्षणार्थियों एवं खिलाडियों द्वारा श्रमदान किया गया। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही खिलाडीयों को खेलो के साथ साफ सफाई, हाईजीन, खेल मैदानो को स्वच्छ रखने इत्यादि की महत्वता बताते हुए इस अवसर को एक ही दिन नही बल्कि प्रतिदिन जागरूकता लाने को कहॉ। इस अवसर पर क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र एवं महाराणा प्रताप खेलगांव के सभी खेल प्रशिक्षक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## मोहन सिंह शक्तावत का सम्मान




**उदयपुर (पुकार)।** उम्मेद सेवा संस्थान एवं यशस्विनी ग्रुप सर्व समाज एकता मंच द्वारा भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत का सम्मान किया गया। संस्थान सचिव राजेंद्र सिंह तीतरड़ी ने बताया कि समाज सेवी मोहन सिंह हमेशा योग के माध्यम से आमजन को जागरूक कर निःशुल्क सेवा देते है। हाल ही में इन्हें भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। हालांकि शक्तावत इस से पहले भी कही संस्थाओं में कही पद कार्य कर चुके हैं। इसी के तहत संस्थान सचिव राजेंद्र सिंह तीतरड़ी ने शक्तावत को उपर्णा, मोमेंटो और प्रभु सवालिया जी की प्रतिमा भेट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत, रेणु राणावत, प्रहलाद सिंह, होमा राम गमेती एवं यशस्विनी ग्रुप सर्व समाज एकता मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## पानीहाटी दही-चिड़ा महोत्सव: भक्ति और समर्पण का अनुपम उत्सव



**उदयपुर (पुकार)।** हरे कृष्ण मूवमेंट उदयपुर द्वारा सोमवार को एल रोड भूपालपुरा स्थित केंद्र पर भव्य पानीहाटी दही-चिड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव भगवान श्री बलराम जी के चरणों में पूर्ण समर्पण की भावना का प्रतीक है, जो कलियुग में श्री नित्यानंद प्रभु के रूप में अवतरित हुए। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भक्तों ने आनंदमय कीर्तन, भावविभोर वीडियो प्रस्तुति, श्री गौर-निताई की फूलों की भव्य अभिषेक सेवा, तथा आलौकिक झांकी दर्शन का लाभ लिया। महोत्सव के प्रमुख आकर्षण में पानीहाटी उत्सव पर विशेष कथा रही, जिसे हरे कृष्णा मूवमेंट उदयपुर के प्रमुख मैत्रेय प्रभु ने प्रस्तुत किया। कथा में उन्होंने बताया कि यह उत्सव समर्पण और शुद्ध भक्ति का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि हम अपने जीवन में कैसे भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के चरणों में समर्पित होकर बुरी आदतों और नकारात्मक प्रवृत्तियों से मुक्त हो सकते हैं और धर्म, सेवा और प्रेम के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम का समापन आरती, झूलन उत्सव और सभी भक्तों को वितरित दही-चिड़ा महाप्रसाद के साथ हुआ। इस महोत्सव को गौड़ीय वैष्णव परंपरा के अंतर्गत विशेष भक्ति और श्रद्धा से मनाया गया।

## जलापूर्ति एक दिन आगे बढाई

**उदयपुर (पुकार)।** गोगुन्दा-झाड़ोल लाइन जीएसएस रूटिन मरम्मत एवं मेंटेनेंस कार्य के चलते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नगर उपखण्ड सप्तम के तहत न्यू भूपालपुरा उच्च जलाशय, प्रेम नगर, केशव नगर, कालिका माता, बोहरा गणेश जी टंकी, यूआईटी टंकी,प्रताप नगर उच्च जलाशय, खेमपुरा उच्च जलाशय, प्रेम डेरी, धर्मराज कॉलोनी, छोटी पिपली, बड़ी पिपली, सरस्वती हॉस्पिटल सुंदर वास में शिव चौक, वर्धमान नगर, ओसवाल प्लाजा, मंडल तलाई आदि क्षेत्रों की जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है। यह जानकारी सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने दी।

# नवीन तकनीक का उपयोग कर अपनी आमदनी बढ़ाएं : चौधरी





### किसानों के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान वरदान साबित होगा : मंत्री चौधरी

**उदयपुर (पुकार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक 15 दिनों के पूर्व-खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान की परिकल्पना की है। कृषि और कृषि संबन्धित गतिविधियाँ राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान हैं और इसलिए कृषि को विकसित किये बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है । यह बात आज उदयपुर जिले की मावली तहसील के पलाना कलां ग्राम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कृषक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कही । उन्होंने कहा कि देश में हर दिन 2000 से अधिक ऐसी टीमें लगभग 6000 गांवों का दौरा कर रही हैं। देश में लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुंचने की परिकल्पना की गई है। राजस्थान में वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों की 103 टीमें गठित की गई हैं, जो 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान 330 ब्लॉक और 3959 गांवों को कवर करेंगी। राजस्थान के सभी 47 कृषि विज्ञान केंद्र इस अभियान मे भाग ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले 11 दिनों में राजस्थान में अब तक 4224 गांवों और लगभग 5 लाख किसानों को अभियान के तहत कवर किया गया है। उदयपुर जिले के 164 गांवों में 32,893 किसानों को खरीफ सीजन में होने वाली फसलों की नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि पलाना कलां को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के लिए चुना गया है

उन्होंने कहा कि राजस्थान 3,42,239 वर्ग किमी भौगोलिक क्षेत्र के साथ भारत का सबसे बड़ा राज्य है जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 10.4 प्रतिशत है। इसकी सीमा पांच अन्य भारतीय राज्यों- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात से लगती है। कुल फसली क्षेत्र 281.71 लाख हेक्टेयर और कुल सिंचित क्षेत्र 125.8 लाख हेक्टेयर है।

उन्होंने कहा कि राज्य में पानी की कमी और शुष्क परिस्थितियों में विशाल क्षेत्र होने के बावजूद बाजरा, सरसों (आर एंड एम), मूंगफली, सोयाबीन, कपास, जीरा और अन्य बीजीय मसालों और अनार में अग्रणी उत्पादकों में से एक है। राज्य में खजूर का क्षेत्रफल भी दिनों दिन बढ़ रहा है पशुपालन में राज्य ने गौरवान्वित कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि उदयपुर एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां 49 प्रतिशत से अधिक किसान आदिवासी हैं। जिले में 70 प्रतिशत से अधिक किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम भूमि है। बरसात के मौसम में अधिकांश पानी बहकर चला जाता है। समन्वित खेती जिसमें सब्जियां, कम पानी की मांग वाली फसलें, अधिक उपज देने वाली किस्मों का उपयोग, पशुपालन और डेयरी तथा बकरी पालन और मुर्गी पालन शामिल हैं, जो किसानों के लिए सुदृढ कृषि प्रणालियां हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, राज्य सरकार और केंद्र सरकार की पीएम-किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाएं हैं जिनका उपयोग किसानों के लाभ के लिए किया जाना चाहिए। किसानों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि कंद वाली फसलें जैसे - अदरक, रतालू, हल्दी आदि झाड़ोल एवं कोटड़ा जैसे आदिवासी क्षेत्रों में होती है। उसमें कमी हुई है, प्रति बीघा फायदा ज्यादा है। नवीन तकनीक अपनाते हुए इस का क्षेत्रफल बढ़ाने के जरुरत है। पलाना कलां गाँव -मावली तहसील के गाँव मुगफली उत्पादन के लिये प्रसिद्ध था। परन्तु उसमें कमी आयी है। मूगफली अनुसंधान संस्थान की तकनीक नये बीजों के उपयोग से इस क्षेत्र में वापस उत्पादन अधिक किया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ जय प्रकाश मिश्र डायरेक्ट अटारी जोधपुर ने स्वागत संबोधन दिया। कुलगुरु, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने विश्वविद्यालय के नवीन किस्मों जिनकी उपज बहुत अधिक है के बारे में बताया। राज्य विपणन प्रबंधक इफको जयपुर के डॉ सुधीर मान ने कहां की किसानों को खाद की कमी नहीं आने देंगे पर खाद का उपयोग मिट्टी की जांच के अनुसार करे। अतिरिक्त निदेशक कृषि जयपुर डॉ ईश्वर यादव ने राज्य सरकार एवं भारत सरकार की योजनाएं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी एवं भूतपूर्व विधायक बद्रीलाल जाट तथा प्रकृति सेल किस किशन चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए । अंत में धन्यवाद डॉ प्रफुल चंद भटनागर वशिष्ठ वैज्ञानिक एवं संस्था प्रमुख विद्या भवन केवीके ने किया

# डिज़ाइनर्स, मटेरियल सप्लायर्स और बिल्डर्स एक मंच पर मिलेंगे लेकसिटी में

### उदयपुर में नेक्सनोज़ 2025 का आयोजन होगा



उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय स्थित स्वर्ण जयंती गेस्ट हाउस सभागार में नेक्सनोज़ 2025 (निर्माण एक्सपो एवं नॉलेज सेशन) की औपचारिक घोषणा की गई। इस मौके पर भवन निर्माण क्षेत्र के तीन प्रमुख स्तंभ डिज़ाइनर्स, मटेरियल सप्लायर्स और बिल्डर्स पहली बार एक ही मंच पर एकत्र हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें डॉ. अविनाश पंवार-नोडल अधिकारी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, दिनेश कोठारी-चेयरमैन उदयपुर बिल्डर्स एसोसिएशन, आर्किटेक्ट संजीव गुप्ते-चेयरमैन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स उदयपुर, आर्किटेक्ट वेणुगोपाल मदुरी-चेयरमैन आईआईआईडी उदयपुर, इंजीनियर पुरुषोत्तम पालीवाल-चेयरमैन आईईए उदयपुर, इंटीरियर डिज़ाइनर मीता रैना-संरक्षक नेक्सनोज़ आदि के साथ कई विख्यात वास्तुकार, बिल्डर और कई उद्यमी शामिल हुए।

आयोजक डिजाइनर कंचन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेक्सनोज़ की शुरुआत 2018 में उदयपुर से ही हुई थी, और इस वर्ष इसका आठवां आयोजन 19, 20 और 21 दिसंबर 2025 को शुभकेसर गार्डन, उदयपुर में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भवन निर्माण, इंटीरियर डेकोरेशन और रियल एस्टेट से जुड़ी देशभर की प्रमुख कंपनियां अपनी प्रदर्शनी लगाएंगी।

हर वर्ष इस एक्सपो को उदयपुर और आस-पास के शहरों से करीब 6000 दर्शक देखने आते हैं। इसके साथ ही, एक तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभर से लगभग 125 आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स और इंटीरियर डिज़ाइनर्स भाग लेते हैं। उदयपुर से भी बड़ी संख्या में पेशेवर इस आयोजन से जुड़ते हैं, जिससे यह आंकड़ा कुल मिलाकर 350 से अधिक प्रतिभागियों तक पहुंचता है। इस वर्ष इसमें और भी वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। आर्किटेक्ट अपूर्व अजमेरा ने इसे उदयपुर के निर्माण क्षेत्र के लिए एक नवोन्मेषी और सहयोगात्मक मंच बताया। इस आयोजन का शैक्षणिक सहयोग कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।



# बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर के परिणाम पर छात्र असंतोष

### अभाविप ने पुनर्मूल्यांकन की उठाई मांग

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर के हाल ही में घोषित परिणामों में भारी गड़बड़ी को लेकर अभाविप ने प्रशासनिक भवन पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने परिणामों को गलत बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से पुनर्मूल्यांकन कर संशोधित परिणाम जारी करने की मांग की है।

वाणिज्य महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह राठौड़ ने बताया कि 6 जून 2025 को घोषित किए गए परिणाम से अधिकांश छात्र असंतुष्ट हैं और कई छात्रों को उनकी मेहनत और अपेक्षाओं की तुलना में बेहद कम अंक प्राप्त हुए हैं, जिससे छात्रो में निराशा और असंतोष का माहौल उत्पन्न हो गया है।

छात्रों की ओर से मांग की गई है कि विश्वविद्यालय इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन कराए और जल्द से जल्द संशोधित (रिवाइज्ड) परिणाम जारी करे।

ज्ञापन देते समय इकाई सचिव हर्ष राजानी, पियूष सिंह झाला, भक्ति कुमावत, भुपेन्द्र सिंह, यशराज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री अवधिपार एकमुश्त समझौता योजना के पोस्टर का विमोचन



**उदयपुर (पुकार)।** जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणियों को राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री अवधिपार एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 के पोस्टर का विमोचन संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने किया।

उदयपुर जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड उदयपुर सचिव दीपक रतनू ने बताया कि उदयपुर एवं सलुम्बर जिलों में बैंक के 1254 अवधिपार कृषक इस योजना के लाभार्थी रहेंगें। योजनान्तर्गत 9.98 करोड मूल राशि जमा कराने पर 16.64 करोड की राहत मिलेगी। पात्र लाभार्थियों का साधारण एवं दण्डनीय ब्याज राज्य सरकार द्वारा माफ किया जाएगा तथा मूलधन की 25 प्रतिशत राशि दिनांक 30 जून 2025 तक बैंक कार्यालय शास्त्री सर्किल उदयपुर में जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि दिनांक 30 सितम्बर 2025 तक जमा करवानी होगी। योजना का लाभ लेकर किसान रहन मुक्त होकर पुनः मुख्यधारा में लोट सकेगा। संभागीय आयुक्त द्वारा योजना के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही एवं उदयपुर संभाग की प्रगति की जानकारी ली गई।

# ठगी पीड़ित संभाग के पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति, जिला कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री - प्रधानमंत्री को भेजा अंतिम चेतावनी ज्ञापन : शीघ्र राहत घोषणा नहीं करने पर 25 से होगा देशव्यापी रेल रोको आंदोलन



**उदयपुर (पुकार)।** देश के 42 करोड़ नागरिकों का चिट फंड कंपनियों और कॉपरेटिव सोसायटीज में जमा घरेलू बचत पूंजी के भुगतान में सरकार द्वारा पन्द्रह वर्षों से भी अधिक समय से की जा रही अनदेखी से निवेशक नागरिकों का धैर्य जवाब देने लग गया है। मंगलवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा संभागीय आयुक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें 25 जून से उग्र रेल रोको आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव कार्यालय में संभाग के पदाधिकारियों की रणनीतिक बैठक में जन आंदोलन और सरकार की सक्रियता की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2025 में भुगतान प्राप्त करने की रणनीति पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। जिसमें एक स्वर से यह बात उभर कर आई कि केंद्र और राज्य सरकारों में सत्ता का अहंकार इतना हावी हो गया है कि वे ठग और बेईमानों को मोटे चुनावी चंदे वसूल करने की नियत से, कार्यवाही तो नहीं कर रही उल्टे ठगो और बेईमान कंपनियों को कानूनी कार्यवाही के शिकंजे से बचाने में जुटी हुई है और दूसरी और ठगी पीड़ितों के प्रदर्शन पर हिंसक होकर डंडे बरसा रही हौ इसलिए अब आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर महागठबंधन करके संगठित करने, सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने तथा तहसीलों से नीचे ग्राम स्तर तक महाअभियान चलाकर घर घर जाकर ठगी पीड़ितों को सरकार के विरुद्ध लामबंद करके स्थाई अनिश्चितकालीन सत्याग्रह अनशन करने एवं आक्रामक रेल रोको आंदोलन करने का निर्णय किये गए।

राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में एडवोकेट भरत कुमावत ने संबोधन में कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकारों पर सत्ता का अहंकार हावी हो गया है इसलिए अब अनुनय विनय के स्थान पर आक्रामक उग्र आंदोलन करने तथा स्थाई अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू कर देना चाहिए।

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट भरत कुमावत, राष्ट्रीय सहारा प्रभारी बंशी लाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल चन्द मीणा, महासचिव निर्भय सिंह झाला, जिलाध्यक्ष किरण मीणा, महिला जिलाध्यक्ष मनोरमा कोठारी, राजसमंद प्रभारी एवं जिला महासचिव मोहन लाल कुमावत, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सुराणा, बांसवाड़ा प्रभारी मुकेश जोशी,डूंगरपुर प्रभारी भरत सोलंकी, उदयपुर शहर अध्यक्ष जगदीश चंद्र शर्मा, ग्रामीण महासचिव महेंद्र तलाच, गोगुंदा तहसील अध्यक्ष राकेश कुमार कुम्हार , रघुवीर बागलोट, संजीवनी प्रभारी रामनाथ सिंह चौहान, साईं प्रसाद प्रभारी गणेश लाल कुम्हार, मंगलवाड़ प्रभारी पीर मोहम्मद, खेरवाड़ा प्रभारी कांति लाल डामोर, कल्याणपुर प्रभारी जवान सिंह राठौड़, एच बी एन, पिनकोन प्रभारी रघुवीर सिंह, ऋषभदेव तहसील अध्यक्ष गोविंद लाल मीणा, सवीना वार्ड प्रभारी फरहीन शेख, देवी लाल, सत्यप्रकाश आर्य, नारायणलाल पटेल कोजावाड़ा, रमेश चंद जैन, भीमराज कालबेलिया, शंकर लाल मीणा, हीरा लाल कलासुआ आदि उपस्थित थे।

# वंदे गंगाजल संरक्षण अभियान के तहत जिला बैठक संपन्न

### विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक सह संयोजक मनोनीत

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय जनता पार्टी पटेल सर्कल कार्यालय पर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की महत्वपूर्ण अभियान के अन्तर्गत बैठक रखीं गईं।

कार्यक्रम की संयोजिका पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ अलका मुंदडा ने आगामी कार्यक्रम की जिला स्तर पर महापुरुषों की प्रतिमा चौक की सफाई, पीपल पूजन, तुलसी वितरण का कार्य वन्दे गंगा, साईकिल रैली, गौशाला में साफ सफाई चारा वितरण का कार्य पौधारोपण, नहरों खालो की जल उपयोगीता आदि करणीय कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने की। जिलाध्यक्ष राठौड़ ने मंडल अध्यक्षों व कार्यक्रम संयोजकों के साथ विस्तृत चर्चा कि एवं कार्यक्रम के द्वारा जनता



को जागरूक कर जल संरक्षण व जल संग्रहित किया जा सकें वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर ने अपने विचार रखें और मार्ग दर्शन दिया

उदयपुर शहर विधानसभा के लिए इस कार्यक्रम के निमित संयोजक जगदीश शर्मा, सहसंयोजक विजय लक्ष्मी कुमावत, सहसंयोजक करण सिंह शक्तावत, उदयपुर ग्रामीण विधानसभा संयोजक तख्तसिंह शक्तावत, सहसंयोजक गिरीश शर्मा, सहसंयोजक सुभाषिनी शर्मा, कार्यक्रम के निमित्त संयोजक सहसंयोजक की घोषणा की गई।

बैठक में ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष तख्तसिंह शक्तावत, विजय लक्ष्मी कुमावत, जिला मंत्री करण सिंह शक्तावत, गजेंद्र भन्डारी, सुभाषिनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष रणजीत दिगपाल, अमृत मैनारिया सुनील चौधरी, कन्हैया वैष्णव, मोहन पटेल, मुकेश जोशी, महेश पुरी गौस्वामी, मनोहर चौधरी, प्रदीप श्रीमाली गिरीश शर्मा, लव देव बागडी देवीलाल सालवी खुश्बू मालवीया सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.